Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 35 | गुरूवार, 05 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## ट्रंप के दावे पर रूस का बड़ा बयान

# कहा- 'भारत किसी से भी तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र'

**मॉस्को।**

रूस ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत अपने कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीदारी के लिए किसी भी देश से सौदा करने में पूरी तरह स्वतंत्र है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में जोर देकर कहा कि भारत का आपूर्तिकताओं में विविधता लाने का फैसला कोई नई बात नहीं है, क्योंकि भारत हमेशा से कई देशों से तेल आयात करता रहा है। पेसकोव ने कहा, ₹हम और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा क्षेत्र के अन्य विशेषज्ञ अच्छी तरह जानते हैं कि रूस भारत को तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का एकमात्र आपूर्तिकर्ता नहीं है। भारत ने हमेशा इन उत्पादों को अन्य देशों से भी खरीदा है। इसलिए, हमें इसमें कुछ भी नया नहीं दिखता। उन्होंने यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन दावों के जवाब में दिया, जिनमें ट्रंप ने कहा था कि भारत-अमेरिका के बीच हुए नए व्यापार समझौते के तहत भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा और अमेरिका तथा संभवतः वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। एक दिन पहले (मंगलवार को) पेसकोव ने कहा था कि रूस को भारत से रूसी तेल खरीद बंद करने के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी या बयान नहीं मिला है। उन्होंने तब भी जोर दिया था कि मॉस्को अमेरिका-भारत संबंधों का सम्मान करता है, लेकिन रूस-भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी को भी उतना ही महत्व देता है। क्रेमलिन का यह रुख भारत की ऊर्जा नीति पर भरोसा और दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक संबंधों को दशार्ता है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद से रूस ने भारत को छूट पर कच्चा तेल सप्लाई किया है, जिससे भारत दुनिया का सबसे बड़ा रूसी तेल आयातक बन गया। भारत ने रूसी तेल को अपनी ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक हितों के लिए महत्वपूर्ण माना, क्योंकि यह सस्ता और आसानी से उपलब्ध था।



भारत ने हमेशा इन उत्पादों को अन्य देशों से भी खरीदा है- रूस

## उत्तर भारत पर 'कोल्ड अटैक'

# दिल्ली-यूपी में शीतलहर का कहर, पहाड़ों पर बर्फबारी ने बढ़ाई कंपकंपी



**नई दिल्ली।**

फरवरी 2026 की शुरूआत में उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर, यूपी, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में घना कोहरा छाया हुआ है। सुबह के समय दृश्यता काफी कम हो जाती है, जिससे सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हो रहा है। दिल्ली में 5 फरवरी को न्यूनतम तापमान 7-9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जबकि अधिकतम तापमान 21-23 डिग्री तक पहुंच सकता है। दिन में आसमान साफ रहता है और धूप निकलती है, लेकिन सुबह-शाम की ठंड और कोहरा लोगों को घर से निकलने में परेशानी दे रहा है। कटऊ ने दिल्ली में मध्यम से घने कोहरे के लिए येलो अलर्ट जारी किया हुआ है, और अगले कुछ दिनों तक यह स्थिति बनी रह सकती है। लगभग समान हैं। पश्चिमी यूपी (जैसे गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा) से लेकर पूर्वी हिस्सों तक घना से बहुत घना कोहरा छाया रह रहा है। कई जिलों में न्यूनतम तापमान 5-10 डिग्री के बीच है, और शीतलहर का असर साफ दिख रहा है। मौसम विभाग ने 7 फरवरी तक यूपी में घने कोहरे की चेतावनी दी है। कुछ इलाकों में हल्की बारिश या ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है, जो ठंड को और बढ़ा सकती है। तेज सर्द हवाएं चल रही हैं, जिससे महसूस होने वाली ठंड और ज्यादा हो जाती है। किसान और यात्री विशेष रूप से प्रभावित हैं, क्योंकि कोहरे के कारण सुबह की यात्रा जोखिम भरी हो गई है। उत्तराखंड में हिमालय की चोटियों पर लगातार तीसरे दिन भी हल्की बर्फबारी हुई। चारधाम, हेमकुंड साहिब, औली सहित कई प्रमुख चोटियां बर्फ से ढक गई हैं।

## पुरानी दिल्ली के बाजारों में अतिक्रमण के खिलाफ सड़क पर उतरें व्यापारी

**नई दिल्ली।**

पुरानी दिल्ली के थोक बाजारों में रेहड़ी-पटरी वालों के अतिक्रमण तथा अन्य समस्याओं के विरूद्ध दुकानदारों ने सदर बाजार में विरोध मार्च निकाला। जिसमें सदर बाजार के विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ ही चांदनी चौक, भागीरथ पैलेस, चावड़ी बाजार, खारी बावली, मोरी गेट समेत अन्य बाजारों के कारोबारी प्रतिनिधि शामिल हुए। यह विरोध मार्च बाराटूटी चौक से प्रारंभ होकर रूई मंडी, तेलीवाड़ा, कुतुब रोड व मुख्य बाजार होते हुए वापस बारा टूटी चौक पर संपन्न हुआ। पूरे मार्च के दौरान व्यापारी हाथ में बैनर और प्लेकार्ड लिए हुए थे, जिसमें हम टैक्स भरते हैं- कानून का पालन करते हैं- फिर क्यों अवैध पटरी है?, पटरी हटाओ-व्यापार बचाओ-दिल्ली बचाओ जैसे नारे लिखे हुए थे। विरोध मार्च का नेतृत्व करते हुए दिल्ली व्यापार महासंघ के अध्यक्ष देवराज बवेजा ने कहा कि व्यापारी वर्षों से अवैध रेहड़ी-पटरी वालों के अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहे हैं। चिंताजनक स्थिति यह कि एमसीडी, दिल्ली पुलिस के साथ ही जनप्रतिनिधियों का गठजोड़ ऐसा कि सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के आदेश भी निष्प्रभावी साबित हो रहे हैं।

## सीएम योगी ने दिए प्रदेश भर के मदरसों की जांच के आदेश, जांच के दायरे में लखनऊ के भी 111 मदरसे

**लखनऊ।**

मदरसों में विदेश से फंडिंग की शिकायतों के मद्देनजर दो दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के मदरसों की जांच के निर्देश दिए हैं उसके दायरे में लखनऊ के भी सौ से अधिक मदरसे हैं।

यह वह मदरसे हैं जो लंबे समय से बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं और अलग-अलग संस्थाओं से इनकी फंडिंग हो रही है। इन मदरसों पर प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है इसलिए इनमें क्या गतिविधियां चल रही हैं इसकी जानकारी नहीं है। दिल्ली में बम धमाकों का कनेक्शन लखनऊ सामने आने के बाद जांच एजेंसियां व्हाइट कॉलर टेरर नेटवर्क के साथ ही अवैध मदरसों में रह रहे बाहरी छात्रों की भी कुंडली खंगाल रही थीं। पिछले दिनों कुछ मदरसों में विदेश से फंडिंग की शिकायतें मिलीं जिसे गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने जांच के निर्देश दिए हैं। सूत्रों का कहना है कि एटीएस को पूरे प्रदेश से चार हजार मदरसों की सूची सौंपी गई जिनमें जांच करनी है। फंडिंग कनेक्शन की साथ ही मदरसा संचालकों के बैंक खातों की भी पड़ताल की जाएगी आशंका जतायी जा रही है कि पड़ोसी देशों से कुछ मदरसों को फंडिंग की जा रही है जिसका इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों में किया जा सकता है। दो वर्ष पूर्व नेपाल सीमा पर कई मदरसों में संदिग्ध गतिविधियों के बाद भी सरकार ने मदरसों की जांच के निर्देश दिए थे जिसके बाद लखनऊ प्रशासन ने यहां के सभी मदरसों की जांच की थी। संयुक्त टीम द्वारा की गई जांच में 111 ऐसे मदरसों के बारे में जानकारी मिली थी जिनके पास किसी तरह की मान्यता नहीं थी। इन मदरसों का पंजीकरण भी नहीं था और यह सभी धार्मिक संस्थाओं और संगठनों द्वारा चलाए जा रहे थे। जांच के दौरान यह भी सामने आया था कि मदरसों को कहां से आय हो रही है इसकी भी कोई जानकारी उनके पास नहीं थी।



## डगमगाएगा सेना और राजनीतिक नेतृत्व के बीच भरोसा; सत्ता पक्ष ने कही ये बात



**नई दिल्ली।**

पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक पर संसद में छिड़े संग्राम से साफ है कि अब सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मसले पर भी राजनीति भारी पड़ने लगी है। इस अप्रकाशित पुस्तक के आधार पर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पूर्वी लद्दाख की कैलास रेंज में 2020 में चीनी सेना के आगे बढ़ने के दौरान फैसला सेना प्रमुख पर छोड़ने को शीर्ष सरकारी नेतृत्व की कमजोरी के रूप में पेश करने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि सरकार इसे संसदीय मयार्दाओं के विरुद्ध और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील विषय का राजनीतिकरण करने का आरोप लगा रही है। अगर हर सैन्य निर्णय राजनीतिक बहस का विषय बनाया गया तो इससे भविष्य में सेना और राजनीतिक नेतृत्व के बीच भरोसे का ताना-बाना प्रभावित हो सकता है। नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक का हवाला देकर राहुल गांधी जिस तरह सरकार पर सवाल उठा रहे हैं, उसका मतलब है कि सीमा पर किसी भी सैन्य कार्रवाई का फैसला वहां तैनात सैन्य कमांडर व शीर्ष सैन्य नेतृत्व नहीं, बल्कि सरकार और प्रधानमंत्री के स्तर पर होता है।

नरवणे की किताब पर सियासी विवाद

## ड्राइवरों की चांदी, यात्रियों को राहत

# अमित शाह आज लॉन्च करेंगे भारत टैक्सी एप




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को 'भारत टैक्सी' का शुभारंभ करेंगे। यह भारत का पहला सहकारिता आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफार्म है। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में दी गई है। इस सेवा को सभी राज्यों और शहरों में दो वर्ष के भीतर विस्तार देने का लक्ष्य है। भारत टैक्सी, जो मल्टी-स्टेट कोपरेटिव सोसाइटीज एक्ट, 2002 के तहत पंजीकृत है छह जून, 2025 को स्थापित हुई थी। यह जीरो कमीशन और सर्ज-फ्री प्राइसिंग मॉडल पर काम करती है। इसमें ड्राइवरों को सीधे लाभ वितरण किया जाता है। यह विदेशी निवेश आधारित प्लेटफार्मों का स्वदेशी विकल्प प्रस्तुत करती है। आठ प्रमुख सहकारी संगठनों द्वारा समर्थित, इस प्लेटफार्म ने दो दिसंबर को दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में पायलट संचालन शुरू किया। यह ओला, उबर और रैपिडो जैसे स्थापित खिलाड़ियों को चुनौती देगा।

## बिहार में पर्यावरण सुरक्षा की नई मिसाल, 3 जिलों में प्लास्टिक कचरे से बनी 10.5 किमी सड़कें

**पटना।**

सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रसंस्करण कर तीन जिलों में 10.5 किलोमीटर लंबाई में सड़कें बनाई जा चुकी हैं। आगामी दिनों में अन्य जिलों में भी इस नवाचार को लागू करने की योजना है। यह प्लास्टिक प्रबंधन और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक विशिष्ट पहल है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (एलएसबीए) के अंतर्गत घर-घर से कचरा संग्रहण हो रहा है। उसमें से सिंगल यूज प्लास्टिक को राज्य में स्थापित कुल 171 प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों पर पहुंचाया जा रहा है। इन इकाइयों पर प्लास्टिक का प्रसंस्करण कर वेस्ट को ग्रामीण कार्य विभाग को दिया जा रहा है। वह इस वेस्ट को तारकोल के साथ मिलाकर गांवों में मजबूत और टिकाऊ सड़क का निर्माण कर रहा है। अभी तक पूर्णिया, खगड़िया और औरंगाबाद जिला में लगभग आठ टन प्लास्टिक अवशेष से 10.5 किलोमीटर लंबाई में सड़कें बनाई जा चुकी हैं।



## चुनावी समर से पहले ममता सरकार का अंतरिम बजट आज

**कोलकाता।**

बंगाल में आसन्न विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ममता बनर्जी सरकार गुरुवार को विधानसभा में अंतरिम बजट (लेखानुदान) पेश करने जा रही है। माना जा रहा है कि इस बजट के जरिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी न केवल राज्य की आर्थिक सेहत का लेखा-जोखा पेश करेंगी, बल्कि सत्ता में चौथी बार वापसी का ब्लूप्रिंट भी तैयार करेंगी। बजट सत्र की शुरूआत राज्यपाल सीवी आनंद बोस के अभिभाषण से होगी, जिसके बाद वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य सदन में अंतरिम बजट प्रस्तुत करेंगी। राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में इस बजट को बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि यह सीधे तौर पर चुनावी एजेंडे और सरकार की प्राथमिकताओं का संकेत देगा। कहा जा रहा है कि यह अंतरिम बजट महिला और युवा केंद्रित हो सकता है। बंगाल में महिला वोट बैंक तृणमूल कांग्रेस का मजबूत आधार रहा है। बजट में महिलाओं और युवाओं के लिए नई वित्तीय सहायता योजनाओं की घोषणा संभव है। इसके अलावे ग्रामीण कनेक्टिविटीः चुनाव से पहले गांवों को जोड़ने वाली सड़कों और पेयजल परियोजनाओं पर भारी निवेश की घोषणा की जा सकती है।

### कल्याण और विकास पर रहेगा जोर



## संपादक की कलम से

# अमरीका में मेड इन इंडिया



ललित शर्मा
संपादक

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने न तो टैरिफ 50 फीसदी से घटा कर 18 फीसदी करने का निर्णय अचानक लिया और न ही भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा एकदम की। ट्रंप प्रशासन तब से विमर्श और मंथन कर रहा था, जब भारत ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते करने में सफल रहा। राष्ट्रपति ट्रंप अपने कुछ नीतिगत फैसलों और दादागीरी के कारण भी घरेलू स्तर पर और वैश्विक संदर्भों में विरोध झेल रहे थे, लिहाजा अकेले पड़ते जा रहे थे। भारत-अमरीका के रणनीतिक संबंध किसी प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के मोहताज नहीं हैं। वे निरंतर और स्वाभाविक हैं, क्योंकि वैश्विक समीकरण ही ऐसे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने व्यापार समझौते की घोषणा की और फोन पर प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत की। दोनों नेताओं के संबंध प्यारे दोस्त वाले भी हैं, दोनों एक-दूसरे को ताकतवर भी मानते हैं, लेकिन परस्पर-विरोधी फैसले भी लेते हैं, अंततः रणनीतिक साझेदार मानने लगते हैं। बहरहाल भारत-अमरीका के बीच व्यापार समझौता हुआ है। इसकी बातचीत बड़ी लंबी चली है, समझौता खटाई में भी पड़ता गया है, तीखे विरोधाभास रहे हैं, अंततः समझौते की घोषणा की गई है। हालांकि समझौते का पूरा मसविदा, तमाम ब्यौरे अभी तक सार्वजनिक नहीं हैं, क्योंकि समझौते पर अभी हस्ताक्षर किए जाने हैं और दोनों देशों का साझा बयान भी प्रतीक्षित है। संभवतः इसी सप्ताह यह औपचारिकता भी निपटा ली जाएगी, भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ऐसा बयान दिया है। व्यापार समझौता हुआ है, तो जाहिर है कि अब 30 ट्रिलियन डॉलर वाली दुनिया की सबसे बड़ी, ताकतवर अर्थव्यवस्था के बाजार में मेड इन इंडिया सामान और उत्पादों के बिकने का रास्ता साफ हो गया है। भारत को वस्त्र, रेडिमेड कपड़े, रसायन, ऑटो, कालीन, आईटी हार्डवेयर, फार्मा, रत्न-आभूषण, पेट्रो उत्पाद, लोहा-इस्पात, प्लास्टिक, एल्यूमीनियम, तांबा, चमड़ा-जूते और फर्नीचर आदि के क्षेत्र में फायदा होगा। व्यापार समझौता कितना सकारात्मक और फलदायक है, वह इसी से स्पष्ट है कि 8 सालों में रुपया पहली बार 122 पैसे चढ़ा है और अब एक डॉलर 90.27 रुपए तक लुढक आया है। शेयर बाजार में निवेशकों ने एक ही दिन में 12 लाख करोड़ रुपए कमाए हैं। विदेशी निवेशक और एफआईआई एक बार फिर भारत में अपने निवेश बढ़ाएंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के निर्णय और घोषणा का हम भी स्वागत करते हैं, लेकिन उन्हें वाचाल दावों से परहेज करना चाहिए। मसलन-उन्होंने दावा किया है कि भारत ने 500 अरब डॉलर (करीब 45.15 लाख करोड़ रुपए) के अमरीकी उत्पादों की खरीद का संकल्प लिया है। इनमें ऊर्जा, अत्याधुनिक तकनीक-प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य उत्पाद शामिल हैं। दरअसल भारत का कुल वैश्विक आयात 721 अरब डॉलर का है। भारत का आम बजट भी 53.47 लाख करोड़ रुपए का है। उसमें से 45 लाख करोड़ रुपए अकेले अमरीकी उत्पादों पर कैसे खर्च किए जा सकते हैं? राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी दावा किया है कि भारत टैरिफ, नॉन टैरिफ बाधाओं को दूर करते हुए अमरीकी उत्पादों पर शून्य टैरिफ को भी सहमत हो गया है। यदि भारत शून्य टैरिफ लगाएगा, तो उसकी कंपनियों का तो भा ही बैठ जाएगा। हकीकत यह है कि भारत ने शून्य टैरिफ पर सहमति ही नहीं दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी धन्यवाद की जो पोस्ट लिखी है, उसमें भी सहमति का जिक्र नहीं है। सबसे संवेदनशील यह है कि भारत ने गेहूं, मक्का, सोयाबीन और डेयरी उत्पादों के लिए भारतीय बाजार नहीं खोला है। फिर अमरीका की कृषि मंत्री ब्रूक रोलिन्स क्यों उछल रही हैं कि अब अमरीका के कृषि उत्पाद भी भारत जैसे विशाल बाजार में बिकेंगे? रूसी तेल के मुद्दे पर भी ट्रंप ने गलतबयानी की है। बेशक भारत ने रूसी तेल खरीदना कम किया है, क्योंकि वह उतना सस्ता नहीं पड़ रहा है।

## उदय किशोर साह



### दहेज प्रथा का हो बहिष्कार

कविता

दहेज प्रथा का करो सब बहिष्कार।
दहेज लोभी का हो अब तिरष्कार ॥
नहीं चाहिये दहेज में कोई उपहार।
समाज का है कलंक ये सहचार ॥

दहेज लोभी। से दुल्हन है परेशान।
झूठ मुठ का है समाज में ये शान ॥
नारी का हो परिवार में सही सम्मान।
बन्द करना है ये बेतुकी सा दुकान ॥

कानून भी जब करता है आज प्रहार।
क्यूं दहेज लोभी को लगता है नागवार ॥
जन जन तक हो अधिनियम का प्रचार।
अपने को भी बदल डालो सभ्य संसार ॥

दुल्हन ही है दुल्हे का अनुपम उपहार।
बेटे का बन्द करो बेचने का व्यापार ॥
शादी नहीं है कोई बाजार का कारोबार।
नारी की भी बसने दो घर ओ निर्दय संसार ॥

बहू भी है तेरा ही एक अनमोल परिवार।
मत कर अबला बेबस नारी पे अत्याचार ॥
उत्तम समाज का हो एक उत्तम संसार।
वैसे क्या सोंच रहे हैं श्रीमान ?क्या है विचार?

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जाति, न्याय और लोकतंत्र : एक असहज सच्चाई



डॉ. प्रियंका सौरभ



भारत का लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि एक नैतिक संकल्प है-समानता, न्याय और बंधुत्व का। संविधान की प्रस्तावना इसी संकल्प का उद्घोष करती है। परंतु आज जब हम अपने चारों ओर देखते हैं, तो यह प्रश्न असहज रूप से सामने खड़ा होता है कि क्या हम उस संकल्प के साथ न्याय कर पा रहे हैं? या फिर लोकतंत्र का यह ढांचा भीतर से दरक चुका है, जहाँ कानून, व्यवस्था और सत्ता-तीनों ही जाति, वर्ग और पहचान की गिरफ़्त में हैं।

आज कानून बनते हैं, संशोधन होते हैं, नए-नए प्रावधान जोड़े जाते हैं, परंतु उनके पीछे की मंशा पर सवाल उठना स्वाभाविक हो गया है। क्या ये कानून नागरिक के लिए हैं, या किसी विशेष समूह, वर्ग या वोट बैंक के लिए? जब विधायन का आधार तर्क और न्याय की जगह सामाजिक पहचान लेने लगे, तब लोकतंत्र का संतुलन बिगड़ना तय है। कानून का काम समाज को जोड़ना है, लेकिन यदि वही समाज को खाँचों में बाँटने का माध्यम बन जाए, तो यह स्थिति केवल चिंताजनक नहीं, बल्कि खतरनाक भी है।

न्याय व्यवस्था की भूमिका किसी भी लोकतंत्र में सबसे पवित्र मानी जाती है। न्यायालय वह स्थान है जहाँ अंतिम उम्मीद जाकर टिकती है। लेकिन जब यह धारणा बनने लगे कि न्याय की दहलीज पर पहुँचने से पहले व्यक्ति की जाति, हैसियत और राजनीतिक संरक्षण देखा जा रहा है, तो विश्वास की नींव हिलने लगती है। न्याय केवल निर्णय नहीं होता; वह भरोसा होता है। और जब यह भरोसा टूटता है, तो उसका असर केवल एक व्यक्ति पर नहीं, पूरे समाज पर पड़ता है। आज न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, फैसलों में देरी, और कुछ मामलों में दिखता स्पष्ट या अप्रत्यक्ष पक्षपात-ये सब लोकतंत्र के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न हैं। लोकतंत्र के नाम पर सत्य का क्षरण एक धीमी लेकिन निरंतर प्रक्रिया है। यह एक दिन में नहीं होता। पहले असुविधाजनक सवालों को ‘राष्ट्र-विरोधी’ कहा जाता है, फिर आलोचना को ‘षड्यंत्र’ बताया जाता है, और अंततः सच बोलने वालों को हाशिए पर धकेल दिया जाता है। जब संसद में बहसें समाधान से अधिक शोर बन जाएँ, जब मीडिया का एक बड़ा हिस्सा सत्ता का विस्तार बन जाए, और जब सामाजिक विमर्श भावनाओं के उकसावे तक सिमट जाए-तो समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र केवल औपचारिक रूप से जीवित है, उसकी आत्मा संकट में है।

समरसता की बातें हर मंच से होती हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई इसके उलट दिखाई देती है। समाज में विभाजन गहराता जा रहा है-धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर, भाषा और क्षेत्र के नाम पर। सत्ता इन विभाजनों को पाटने के बजाय, अक्सर इन्हें साधन की तरह इस्तेमाल करती है। ‘फूट डालो और राज करो’ अब इतिहास की किताबों में दर्ज कोई औपनिवेशिक नीति नहीं रही, बल्कि समकालीन राजनीति की एक प्रभावी रणनीति बन चुकी है। जब जनता आपस में उलझी रहती है, तब सत्ता से सवाल करने की ताकत कमजोर पड़ जाती है। यह विडंबना ही है कि एक ओर जाति-पाति मिटाने की बातें होती हैं, दूसरी ओर हर राजनीतिक गणित जातिगत समीकरणों पर आधारित होता है। चुनावी टिकटों से लेकर नीतिगत फैसलों तक, जाति एक निर्णायक तत्व बनी हुई है। ऐसे में ‘जाति से ऊपर उठने’ का उपदेश खोखला प्रतीत होता है। यदि सचमुच जाति अप्रासंगिक होती, तो उसका उल्लेख हर नीति, हर बहस और हर चुनाव में इतनी प्रमुखता से क्यों होता?

आशाओं के इस देश में निराशा का बढ़ता विस्तार केवल आर्थिक कारणों से नहीं है। बेरोजगारी, महँगाई और संसाधनों की असमानता तो कारक हैं ही, लेकिन उससे भी बड़ा कारण है-विश्वास का टूटना। जनता ने जिन हाथों में सत्ता सौंपी, उनसे यह अपेक्षा थी कि वे सबके हित में काम करेंगे। परंतु जब वही सत्ता अपने अस्तित्व को बचाने के लिए समाज को बाँटने लगे, आलोचना से डरने लगे और असहमति को दबाने लगे, तब लोकतंत्र का नैतिक आधार कमजोर हो जाता है।

सत्ता का सच से मुँह फेर लेना किसी भी समाज के लिए शुभ संकेत नहीं है। जब शासन केवल अपनी छवि गढ़ने में व्यस्त हो जाए और वास्तविक समस्याओं से आँख चुराने लगे, तब झूठ एक समानांतर यथार्थ रच देता है। इस यथार्थ में आँकड़े चमकदार होते हैं, भाषण ऊँचे होते हैं, लेकिन आम आदमी की ज़िंदगी लगातार कठिन होती जाती है। सच को ढँकने के लिए प्रचार का सहारा लिया जाता है, और धीरे-धीरे जनता को यही सिखाया जाता है कि सवाल करना असभ्यता है। विधान सभाओं और संसद में सामाजिक न्याय की बातें अक्सर सुनाई देती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर वही अन्याय नए-नए रूपों में सामने आता है। नीतियों में सुधार के नाम पर ऐसे प्रावधान लाए जाते हैं, जो या तो आधे-अधूरे होते हैं या फिर नए विवादों को जन्म देते हैं। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब नीति-निर्माण में प्रभावित वर्गों की वास्तविक भागीदारी न हो, और फैसले ऊपर से थोपे जाएँ। लोकतंत्र की असली परीक्षा संकट के समय होती है। क्या वह सबसे कमजोर नागरिक के साथ खड़ा होता है, या सबसे ताकतवर के साथ? आज यह प्रश्न पहले से अधिक प्रासंगिक है। जब अन्याय किसी ‘दूसरे’ के साथ होता है, तब समाज का एक बड़ा हिस्सा चुप रहता है। लेकिन यही चुप्पी कल अपने ही अधिकारों के क्षरण का कारण बनती है। चयनात्मक नैतिकता-जहाँ हम केवल अपने हित का अन्याय देखते हैं-लोकतंत्र को भीतर से खोखला कर देती है। यह संपादकीय किसी एक सरकार, एक दल या एक नेता के विरुद्ध आरोप-पत्र नहीं है। यह एक सामूहिक आत्मावलोकन का आग्रह है। लोकतंत्र केवल शासकों की जिम्मेदारी नहीं, नागरिकों की भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है। सवाल पूछना, असहमति जताना और सच के साथ खड़ा होना-यही लोकतंत्र की असली शक्ति है। यदि हम सुविधा के लिए चुप रहना चुनते हैं, तो फिर व्यवस्था के पतन की जिम्मेदारी से भी हम बच नहीं सकते। आज आवश्यकता है कि न्याय को फिर से उसके मूल अर्थ में लौटाया जाए-निष्पक्ष, निर्भीक और समान। कानून का उद्देश्य सत्ता को सुरक्षित करना नहीं, बल्कि नागरिक के अधिकारों की रक्षा करना होना चाहिए। राजनीति का धर्म ध्रुवीकरण नहीं, समाधान होना चाहिए। और लोकतंत्र का अर्थ केवल पाँच साल में एक बार मतदान करना नहीं, बल्कि हर दिन सजग रहना होना चाहिए। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमसे यह नहीं पूछेंगी कि हमने किसे वोट दिया था, बल्कि यह पूछेंगी कि जब समाज बाँटा जा रहा था, जब न्याय पहचान पूछ रहा था, और जब सच को दबाया जा रहा था-तब हमने क्या किया। यही प्रश्न आज के भारत के लोकतंत्र के सामने सबसे बड़ा और सबसे जरूरी सवाल है।

# क्या विद्यालयों को बंद करने से भारत बनेगा विश्व गुरु ?



निर्मल रानी




पिछले दिनों एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य मध्य प्रदेश से एक निमार्णाधीन निजी स्कूल की इमारत को बुल्डोजर से ढहा दिये जाने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ। प्राप्त खबरों के अनुसार मध्य प्रदेश के बैतूल ज़िले के धाबा गांव के रहने वाले अब्दुल नईम इसी गांव में अपनी निजी जमीन पर एक निजी स्कूल बनवा रहे थे। परन्तु चूँकि निमार्णाधीन स्कूल संचालक का नाम 'अब्दुल नईम' था इसलिये प्रशासन ने उस भवन को स्कूल के बजाये मदरसा बताकर ढहा दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय बुलडोजर उस निमार्णाधीन स्कूल भवन को ध्वस्त कर रहा था उस समय ग्रामीण, प्रशासन से उसे न तोड़े जाने की गुहार लगा रहे थे। खुद स्थानीय सरपंच हाथ जोड़कर प्रशासन से बुलडोजर चलाने से मना करती रहीं परन्तु एसडीएम के आदेश पर बुलडोजर चला दिया गया। ग्रामीणों में पहली बार यह आस बंधी थी कि यह स्कूल खुलने के बाद उनके बच्चे अब गांव में ही पढ़ पाएंगे परन्तु वे लोग मलबे के सामने खड़े होकर सवाल पूछते नजर आये। उस पर ढिटाई यह कि ज़िला प्रशासन ने यह आरोप मढ़ दिया कि पंचायत ने ही स्कूल की निमार्णाधीन इमारत पर बुल्डोजर चलवाया है जबकि सरपंच और उप सरपंच इस से साफ इनकार कर रहे हैं। गौरतलब है कि लगभग दो हजार की आबादी वाला धाबा गांव आदिवासी बाहुल्य गांव है और इस गांव में केवल तीन ही मुस्लिम परिवार रहते हैं। अच्छे स्कूल के अभाव में ही इस गांव के कई परिवार बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए गांव से 10-15 किलोमीटर दूर तक प्राइवेट स्कूल में पढ़ने के लिए भेजते हैं। इसी उद्देश्य से अब्दुल नईम ने स्कूल बनाने के लिए न केवल अपनी पूरी जमा-पूंजी लगा दी बल्कि लाखों रुपए लोगों से उधार भी लेकर अपने सपनों के इस स्कूल में लगा दिये थे।

बड़ी अजीब बात है कि वर्तमान सरकार से ही जुड़े नेता मंत्री व समर्थक भारत को 'विश्व गुरु' बनाने का ढिंढोरा पीटते रहते हैं। तो क्या विश्व गुरु भारत का अर्थ शिक्षित भारत नहीं ? और यदि शिक्षित भारत का सपना साकार करना है तो शिक्षण संस्थाओं से दुश्मनी कैसी ? परन्तु दुर्भाग्य तो यही है कि विश्व गुरु बनने का जितनी जोर जोर ढिंढोरा पीटा जा रहा है उतनी ही तेजी से इसी सरकार के दौर में स्कूल भी बंद किये जा रहे हैं। केवल 2019 से 2024 तक अनुमानतः लगभग 14,910 सरकारी स्कूल या तो बंद कर दिये गये या दूसरे स्कूल्स में समाहित कर दिये गये। कुल मिलाकर अब तक 89,441 सरकारी स्कूल बंद होने का उल्लेख है। इस दौरान निजी स्कूलों में वृद्धि हुई है जबकि सरकारी स्कूलों में कमी आई है। सबसे ज्यादा स्कूल मध्य प्रदेश, ओडिशा, व जम्मू-कश्मीर राज्यों में बंद किये जाने की खबर है। जबकि गुजरात, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान के अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों सांबा, कठुआ, राजौरी, पूंछ, बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर में भी काफी संख्या में स्कूल बंद किये गये। स्कूल बंद करने के जो कारण बताये गये उनमें कहीं आधारभूत संरचना की कमी बताई गयी तो कहीं शिक्षकों की भारी कमी बताकर स्कूल बंद किये गए। कहीं कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को बड़े स्कूलों में समाहित कर दिया गया। इसी तरह कुछ राज्यों में नये निजी स्कूलों की वृद्धि के चलते सरकारी स्कूलों पर दबाव बढ़ा और उन्हें बंद करना पड़ा। जाहिर है इससे गरीब व निम्न वर्ग के बच्चों की शिक्षा में बाधा पड़ना स्वभाविक है। इसी तरह सरकार की सबसे ज्यादा गाज मदरसों पर गिरी। देश के सैकड़ों मदरसों को या तो अवैध बताकर ढहा दिया गया या उन्हें बंद करवा दिया गया। भाजपा शासित असम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड बिहार, मध्य प्रदेश, व छत्तीसगढ़ राज्यों में अनेक मदरसे बंद किये गये। निःसंदेह यह कदम खासकर गरीब मुस्लिम अल्पसंख्यकों की शिक्षा के साथ भेदभाव के सिवा और कुछ नहीं क्योंकि 90% से ज्यादा मदरसा छात्र गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं।

जहाँ तक मदरसे में मिलने वाली शिक्षा का सवाल है तो इस्लाम धर्म व मुस्लिम समाज से नफरत करने वालों ने भारतीय मदरसों को साम्प्रदायिक शिक्षा के केंद्र के रूप में क्यों न दुष्प्रचारित किया हो परन्तु यदि आप मदरसों से शिक्षा प्राप्त महापुरुषों व विशिष्ट जनों पर नजर डालें तो मदरसों के साम्प्रदायिक होने की गढ़ित धारणा स्वयं ही समाप्त हो जायेगी और यह महज एक प्रोपेगंडा प्रतीत होगा। मिसाल के तौर पर सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने मदरसा में ही शिक्षा हासिल कर फारसी भाषा सीखी। इसी तरह सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी ने भी मदरसे से ही शिक्षा हासिल कर फारसी का ज्ञान प्राप्त किया। तभी वे फारसी में इतना निपुण थे कि उन्होंने अपनी मशहूर रचना 'जफर नामा' फारसी में लिखी। सिख साम्राज्य के संस्थापक महाराजा रणजीत सिंह की तो दरबारी भाषा ही फारसी थी जो कि मदरसा शिक्षा से जुड़ी थी। मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज भी फारसी भाषा में निपुण थे। उन्होंने फारसी-संस्कृत शब्दकोश का संकलन करवाया। शिवाजी महाराज के दौर में फारसी शिक्षा मदरसे से ही जुड़ी होती थी। इसी तरह हिन्दू सुधारक और ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राम मोहन राय ने भी बंगाल के मदरसा आलिया और पटना के मदरसा मुजीबिया में पढ़ाई की। उन्होंने फारसी और अरबी सीखी और एक फारसी अखबार का संपादन भी किया। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा की कमी के कारण मदरसा में पढ़ाई की। भारतीय साहित्य की प्रमुख हस्ती प्रसिद्ध लेखक व कहानीकार मुंशी प्रेमचंद ने वाराणसी के एक ऐसे मदरसे में पढ़ाई की, जहां गैर-मुस्लिम छात्र भी बड़ी संख्या में पढ़ते थे।

और मुस्लिम समाज की जो विशिष्ट हस्तियां मदरसा से शिक्षा प्राप्त हैं उनमें भारत के पहले शिक्षा मंत्री और स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद खान, 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा देने वाले प्रसिद्ध उर्दू कवि और स्वतंत्रता सेनानी हसरत मोहानी, स्वतंत्रता सेनानी व 'सिल्क लेटर मूवमेंट' के नेता मौलाना महमूद हसन देवबंदी जैसे अनेक लोगों के नाम शामिल हैं। आज भी बंगाल, झारखण्ड व बिहार जैसे कई राज्यों में केवल मुस्लिम नहीं बल्कि बड़ी संख्या में गैर मुस्लिम गरीब बच्चे मदरसों में शिक्षा हासिल करते हैं। परन्तु सरकार क्या मदरसा तो क्या अन्य सरकारी स्कूल सभी को किसी न किसी बहाने बंद करने पर तुली है। सवाल यह है कि क्या मदरसे या विद्यालयों को बंद करने से भारत विश्व गुरु बन सकेगा ?

# व्यापार, सम्मान और संवाद का संगम बनेगा व्यापारी महासम्मेलन

**आगरा से संवाददाता मयूर खान**



आगरा मैं उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की ओर से द्वितीय व्यापारी महासम्मेलन एवं प्रदर्शनी का आयोजन होने जा रहा है। बुधवार को धाकरान स्थित होटल मोती पैलेस में आयोजित उद्घोषणा समारोह में मुख्य अतिथि एमएलसी विजय शिवहरे के साथ मण्डल पधारिकारियों ने सम्मेलन का पोस्टर जारी किया।

जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि प्रदेश स्तरीय द्वितीय व्यापारी महासम्मेलन का आयोजन 30 मार्च को होटल ताज कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील जे. सिंघी एवं केंद्रीय मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहकर व्यापारियों को संबोधित करेंगे। जिला प्रभारी राकेश गोयन ने बताया कि व्यापारी आये दिन छापेमारी और श्रम कानून की समस्या से त्रस्त है, जीएसटी लागु होने का खौफ आज भी बना हुआ है, अभी तक सरलीकरण नहीं हो पाया है। व्यापारियों के सम्मान और सुरक्षा से लेकर लोकल फोर वोकल तक आने में आ रही व्यापारिक समस्या पर सम्मेलन में मंथन होगा। बेलनगंज बाजार कमेठी अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन ने बताया कि सम्मेलन के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों के उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिससे स्थानीय उद्योगों और उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। सम्मेलन में चार अलग-अलग विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें व्यापारी संवाद कार्यक्रम के माध्यम से व्यापार से जुड़ी समसामयिक समस्याओं और समाधान पर चर्चा होगी। बोदला बाजार कमेठी के अध्यक्ष सुधीर गोयल ने बताया कि सम्मेलन के दौरान मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल द्वारा प्रदेश भर के 486 व्यापारियों को विभिन्न पदों की शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही अपने-अपने व्यापार क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उघमियों को सम्मानित किया जाएगा। संरक्षक नारायण बहरानी ने बताया कि एमएसएमई सत्र में विशेषज्ञों द्वारा उद्बोधन के साथ प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें व्यापारी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त लाफ्टर चैम्पियन एवं व्यापारी प्रताप सिंह फौजदार अपने रोचक उद्बोधन के माध्यम से वर्तमान व्यापारिक परिस्थितियों पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन के समापन अवसर पर प्रतिभागी व्यापारियों के लिए लक्की ड्रा का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक का संचालन सुधीर गोयल ने किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमेन किरावली विनोद अग्रवाल, रविकांत शर्मा, डॉ. त्रिलोकी अग्रवाल, समाउद्दीन अहमद, प्रशांत अग्रवाल, देवेंद्र प्रताप सिंह, अरविन्द शर्मा, यश शर्मा, लल्लू प्रधान, एमपी शास्त्री, जय नारायण कुशवाह, राजेश वर्मा, कपिल वाजपेयी, ब्रजेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा पतंग मांझे के सम्बन्ध में व्यापारियों के साथ की गयी गोष्ठी



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना कोतवाली परिसर में पतंग की मांझे (विशेषकर चाइनीज/नायलॉन मांझा) के उपयोग, बिक्री एवं उससे होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से व्यापारियों के साथ एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा उपस्थित व्यापारियों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि प्रतिबंधित पतंग मांझे का निर्माण, भंडारण, विक्रय एवं उपयोग पूर्णतः अवैध है। चाइनीज/नायलॉन मांझे से आमजन, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों, बच्चों एवं पक्षियों को गंभीर चोटें लगने की घटनाएं सामने आती रही हैं, प्रतिबंधित मांझे की बिक्री अथवा भंडारण पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी एवं जनपद रामपुर को चाइनीज/नायलॉन मांझा मुक्त बनाने के लिये उपस्थित व्यापारियों से सहयोग की अपील की गयी।

# किसान के बेटे देश की रक्षा के साथ संसार में भारत का मान बढ़ा रहे: ठाकुर धर्मेंद्र सिंह



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर तहसील खुर्जा क्षेत्र के ग्राम खबरा निवासी सूबेदार अरविंद सोलंकी द्वारा एशियन गेम व ओलंपियन में गोल्ड मेडल अवार्ड जीतने पर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में गोल्ड मेडल विजेता अरविन्द सोलंकी का जोरदार स्वागत कर सम्मानित किया। खुर्जा तहसील क्षेत्र के ग्राम खबरा निवासी अरविन्द सोलंकी भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर कार्यरत है, उन्होंने एशियन गेम व ओलंपियन में अपने प्रतिद्वंदी को पछाड गोल्ड मेडल अवार्ड जीत अपने माता,पिता गांव खबरा व जनपद बुलंदशहर का ही नही वरन उत्तर प्रदेश व भारत का गौरव बढ़ा युवाओं को देश के लिये कुछ करने के प्रति जागृत किया है, बुधवार को भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में ओलम्पियन विजेता सूबेदार अरविन्द सिंह का नोटों की माला पहना शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश मे अन्न की आपूर्ती करने वाले किसान का बेटा देश की रक्षा करने के साथ संसार भर में देश का मान बढ़ाने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे है, उन्होने कहा कि वास्तव में किसान और उसका परिवार देश की रीढ़ है इसे नकारा नही जा सकता है, इस अवसर पर राजपूतों एवं कांग्रेस के कददावर नेता प्रोफेसर अजय छौकर ने गोल्ड विजेता अरविन्द सोलंकी को बधाई दी साथ ही उन्हें राष्ट्र प्रेम की जीती जागती मिसाल बताते हुए कहा कि राजपूत समाज सदैव से राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र रक्षा मे अपने प्राणो का बलिदान देने के लिये जाना जाता रहा है अरविन्द सोलंकी इस मिसाल को जीवंत कर रहे है, इस अवसर पर बंटी सिंह लोधी, ठाकुर सुनील सोलंकी, चंद्रपाल सिंह चौहान फौजी, धर्मेंद्र सोलंकी आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे, राष्ट्रीय प्रवक्ता दीपक गुप्ता, जिला मुख्य सचिव ठाकुर नरेंद्र सिंह जादौन प्रत्याशी, प्रदेश युवा सोशल मीडिया प्रभारी सुमित जादौन आदि उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बजट के संबंध में प्रेस प्रतिनिधियों से की वार्ता

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर।** जिला बिजनौर के प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश कपिल देव अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में पत्रकार बंधुओं से बजट के विषय पर प्रेस से वार्ता की गई।

उन्होंने बजट के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बजट-2026 का मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था उत्पादकता और ग्लोबल कंपीटिटिवनेस को बढ़ाकर आर्थिक विकास को तेज और टिकाऊ बनाना, देश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना, उन्हें समृद्ध बनाना तथा सबका साथ सबका विकास के विजन को साकार करना है ताकि हर क्षेत्र और समुदाय को अवसर प्राप्त हों।

इस मौके पर महिलाओं आयोग सदस्य संगीता अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला, क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर सहित जन प्रतिनिधिगण एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रेस प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 20 हजार रुपये का पुरुस्कार घोषित शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा 20 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित शातिर अभियुक्त को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त संजय उर्फ गंगू पुत्र रामचन्द्र निवासी मौ0 विकास नगर कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलंदशहर को थाना पिलखुवा जनपद हापुड मे पंजीकृत मुअसं- 331/25 धारा 310(2), 311,317(3), 345(3) बीएनएस मे लगातार वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक जनपद हापुड द्वारा 20 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना खुर्जा नगर पर पंजीकृत मुअसं- 387/2025 धारा 137(2),87 बीएनएस व थाना सिकन्द्राबाद पर पंजीकृत मुअसं- 564/25 धारा 310(4)/310(5) बीएनएस में भी लगातार वांछित चल रहा था।

# अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर जिला प्रशासन की सख्ती, रात्रिकालीन अभियान में 1386 वाहनों की जांच





**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** जनपद में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर सघन निगरानी एवं कठोर प्रवर्तनात्मक कार्यवाही की जा रही है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निदेर्शानुसार 03 फरवरी 2026 को जनपद की समस्त तहसीलों में प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर कुल 10 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक विशेष जांच अभियान संचालित किया गया। इस दौरान प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1386 वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के समय वाहनों के वैध प्रपत्रों, निर्धारित लोड क्षमता तथा खनिज परिवहन से संबंधित अभिलेखों की गहनता से पड़ताल की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 01 वाहन के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस प्रकार के संयुक्त विशेष अभियानों को नियमित रूप से जारी रखा जाए तथा अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं अनधिकृत परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी चेक प्वाइंट पर सतत निगरानी रखते हुए आपसी समन्वय के साथ प्रभावी प्रवर्तन कि कार्यवाही की जाय।

# थाना बेलहरकला प्रांगण में आमजन को साइबर अपराधों से बचाव विषयक गोष्ठी का किया गया आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम थाना अमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बेलहरकला प्रांगण में आम जनमानस को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा लगभग 80 लोगों को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, लिंक क्लिक धोखाधड़ी सहित विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें तथा किसी भी स्थिति में अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न गोष्ठी में उपस्थित नागरिकों को साइबर अपराध होने की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने तथा । पोर्टल पर रिपोर्ट करने के तरीकों से भी अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा लगातार इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बेलहरकला अनिल कुमार, उ0नि0 राजेश कुमार दुबे, उ0नि0 रविंद्र शर्मा, आ0 शैलेश यादव, आ0 दीनानाथ साहनी, आ0 बृजेश सिंह, आ0 राम भूषण पटेल, आ0 रोहित हिंद आदि सहित क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजुद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने बागेश्वर से गरुड़ तक हुए विकास कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

बागेश्वर, गोविन्द मेहता, मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी द्वारा बागेश्वर से गरुड़ तक लघु सिंचाई, सिंचाई विभाग एवं ग्रामीण निर्माण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। लघु सिंचाई विभाग के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में निर्मित योजनाओं का निरीक्षण किया गया, जिनमें—खोली में चेकडैम निर्माण, सेल्टा में चेकडैम निर्माण तथा कमेडी चीर गधेरा में चेकडैम निर्माण कार्य शामिल रहे। ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों का भी जायजा लिया गया, जिसमें राइका रवाईखाल में अतिरिक्त कक्ष मरम्मत, आईटीआई. कमेडी में प्रशासनिक भवन मरम्मत कार्य तथा हेलीपैड में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। सिंचाई विभाग बागेश्वर के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का भी निरीक्षण किया गया। इनमें जिला योजना के तहत ग्राम थकलाड-बमराड़ी में शिवमंदिर के पास घाट निर्माण, द्यांगण नहर का जीर्णोद्धार, खोली स्थित गोपेश्वर मंदिर के समीप नदी किनारे सुरक्षात्मक कार्य, दैवी आपदा योजना के अंतर्गत मन्यूड़ा नहर मरम्मत कार्य, आपदा न्यूनीकरण मद के तहत पंचगड़ी गधेरे में आवासीय भवनों की सुरक्षा संबंधी कार्य तथा बैजनाथ में कालिका मंदिर के समीप सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सिमरत व सृष्टि ने जीता स्वर्ण पदक : टीकम सिंह

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**नूरपुर।** आर आर पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने फीता काट कर किया। इस प्रतियोगिता में करीब 243 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्कूल के खेल शिक्षक जीवन सिंह ने बताया कि बालक वर्ग से सब जूनियर 18 किलोग्राम भार में सिमरत सिंह ने स्वर्ण पदक, अमनजीत सिंह ने रजत पदक, शिवाय ने कांस्य पदक 23 किलोग्राम भार में मयंक ने स्वर्ण पदक गुंजिक रजत पदक, निर्मित कांस्य पदक 25 किलोग्राम भार में आदि ने स्वर्ण पदक, विहान ने रजत पदक, कार्तिक ने कांस्य पदक 27 किलोग्राम भार में चित्रांगन ने स्वर्ण पदक, भार्गव ने रजत पदक 29 किलोग्राम भार में दक्ष ने स्वर्ण पदक, युवराज ने रजत पदक, शिवाय व आरव धीमान ने कांस्य पदक 32 किलोग्राम भार में लव्या स्वर्ण पदक, पाशुंल ने रजत पदक, प्रथम व हयांश ने कांस्य पदक 35 किलोग्राम भार में अभिराज ने स्वर्ण पदक, गर्व ने रजत पदक 40 किलोग्राम भार में प्रभजोत सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग से सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता के 18 किलोग्राम भार में सृष्टि ने स्वर्ण पदक, नव्या ने रजत पदक 20 किलोग्राम भार में भव्या सिंह ने स्वर्ण पदक, दुर्गा शक्ति ने रजत पदक, वंशिका व श्रुति राजपूत ने कांस्य पदक 22 किलोग्राम भार में मानी गर्ग ने स्वर्ण पदक, अर्निका ने रजत पदक, सनाया व अन्या ने कांस्य पदक 30 किलोग्राम भार में परिधि सिंह ने स्वर्ण पदक, कनिष्क सिंह ने रजत पदक, सुनिधि व बानिया ने कांस्य पदक 32 किलोग्राम भार में आरबीसी वर्मा ने स्वर्ण पदक, सोबिया ने रजत पदक, 35 किलोग्राम भार में इनाया ने स्वर्ण पदक, आरोही ने रजत पदक, नीति का चौहान ने कांस्य पदक 45 किलोग्राम भार में शिखा अग्रवाल ने स्वर्ण पदक, आयुषी कुमारी ने रजत पदक, खुशी चौहान व अन्य शर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

# अभी नहीं बनवाया लाइसेंस तो अगले वर्ष लगेगी दोगुणी पेनल्टी

**वेलकम इंडिया**




**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आईएमए भवन हकीकत नगर में एक विशेष शिविर लगाकर नर्सिंग होम व चिकित्सकों के वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के व्यवसायिक लाइसेंस बनाये जायेंगे। शिविर में लाइसेंस नवीनीकरण के अलावा नये लाइसेंस भी बनाये जायेंगे। नगरायुक्त के निर्देश पर शिविर के लिए पांच कर्मचारियों की एक विशेष टीम बनायी गयी है।

कर अधीक्षक (लाइसेंस) सुधीर शर्मा ने बताया कि आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा ने महापौर डॉ. अजय कुमार को एक पत्र भेजकर लाइसेंस बाईलाज हेतु एक कैंप लगाने का अनुरोध किया था। जिस पर महापौर डॉ. अजय कुमार एवं नगरायुक्त शिपू गिरि के निदेर्शों के अनुपालन में नगर निगम द्वारा आईएमए भवन में 06 फरवरी और 07 फरवरी को दो दिवसीय लाइसेंस शिविर लगाया जायेगा। उन्होंने सभी नर्सिंग होम संचालक व चिकित्सा से सम्बंधित क्लीनिक चलाने वाले अन्य चिकित्सकों से अपने पुराने लाइसेंस शुल्क की रसीद भी साथ लाने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को नया रजिस्ट्रेशन कराना है उन्हें अपना आधार कार्ड, सीएमओ द्वारा जारी रजिस्टेज्शन की प्रति और पासपोर्ट साइज का फोटो भी साथ लाना होगा।

# मोटापा देता है मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों को जन्म, प्रदीप कुमार

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पांच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ प्रदीप कुमार द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण में रेंजर्स ने वी फॉरमेशन में प्रतिभाग किया। प्रार्थना एवं झंडा गीत के बाद प्रशिक्षक ने रेंजर्स यूनिफॉर्म, विभिन्न ध्वज की बनावट में महत्व, प्राथमिक सहायता, पट्टी बांधना, स्ट्रेचर बनाना आदि सिखाया। शिविर के द्वितीय पहर में विशेष व्याख्यान में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ प्रदीप कुमार द्वारा रेंजर्स को अच्छे स्वास्थ्य में अनुशासन, व्यायाम एवं भोजन कर महत्व विषय पर आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मनुष्य की सबसे बड़ी संपत्ति है। धन, पद और सफलता तब ही सार्थक हैं जब हमारा शरीर और मन स्वस्थ हों। जो व्यक्ति अनुशासन में रहता है, वह बीमारियों से भी दूर रहता है। जैसा हम खाते हैं, वैसा ही हमारा शरीर बनता है। इसलिए जंक फूड और अधिक तैलीय भोजन से बचना चाहिए, क्योंकि ये मोटापा, मधुमेह और हृदय रोग जैसी समस्याओं को जन्म देते हैं। उन्होंने रेंजर्स को बात, पित एवं कफ के विषय के साथ भोजन से पहले एवं बाद में किये जाने वाले योगा व व्यायाम बताए। रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर अंकिता त्यागी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम अनुशासन, संतुलित भोजन और नियमित व्यायाम को अपने जीवन का हिस्सा बना लें, तो हम एक स्वस्थ, खुशहाल और सफल जीवन जी सकते हैं। आज से ही संकल्प लें कि स्वस्थ रहेंगे, खुश रहेंगे और देश को स्वस्थ बनाएँगे। साथ ही रेंजर्स ने अपनी टोली के नाम पर आकर्षक पोस्टर बनाकर प्रस्तुत किए। द्वितीय दिवस के शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# मरयम लायंस आई हॉस्पिटल रूदौली में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन




वेलकम इंडिया फतेह खान

रूदौली-अयोध्या मरयम लायंस आई हॉस्पिटल रूदौली में आई क्यू सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 84 लोगो का निशुल्क परीक्षण किया और सभी जरूरीमंद लोगों को निशुल्क चश्मे और दवाओं का वितरण किया गया तथा 38 आयुष्मान धारक मोतियाबिंद के रोगियों का निशुल्क फेंको ऑपरेशन हेतु पंजीकृत किया गया, मुख्य अतिथि लायन अनिल खरे ने लायंस क्लब रूदौली द्वारा पिछले 45 वर्षों से अठारह हजार लोगों के निःशुल्क ऑपरेशन कराने के बारे में बताता लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन डा नेहाल रजा ने लोगो को कार्निया दान करने के लिए प्रेरित किया, हॉस्पिटल के डॉ जफर खान, डॉ शिराज अहमद, प्रियांशी दीक्षित तथा चंद्रदेव भट्ट ने परीक्षण किया, शिविर में इरफान अहमद रघुकुल अग्रवाल तथा अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# विवाहिता ने पति सहित ससुराल पक्ष पर लगाया मारपीट का आरोप

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत से विवाहिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव गढ़ी दौलत निवासी सलमाना पत्नी तसव्वर ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार की सुबह उसके पति तसव्वर ने अपने भाई वसीम एवं अन्य परिजनों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि घरेलू विवाद के चलते उसके साथ गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से पीटा गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़िता ने बताया कि मारपीट की सूचना उसने तत्काल डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलने पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों को समझा-बुझाकर चली गई। आरोप है कि पुलिस के जाने के बाद पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने एक बार फिर पीड़िता के साथ मारपीट की और उसे घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़िता ने अपना चिकित्सकीय परीक्षण कराया और इसके पश्चात थाने पहुंचकर पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कला भारती और हील्स ने स्वास्थ्य प्रबंधन पर किया पैनल डिस्कशन का आयोजन

डॉ. शंभु पंवार



**नई दिल्ली,4 फरवरी।** कला भारती एवं हील्स फाउंडेशन के द्वारा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर एक विचारोत्तेजक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, समाज और प्रबंधन से जुड़े कई प्रसिद्ध वक्ताओं ने सहभागिता कर अपने अनुभव और विचार साझा किए।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. आलोक कुमार गुप्ता एवं डॉ. माधवी सिंह, हील्स की संस्थापक ममता सोनी ने हील्स फाउंडेशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती कनुप्रिया अत्रे, बोर्ड मेम्बर डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा 'गीत', एवं श्रीमती इंदु आहूजा, यूपी एम्बेसडर श्रीमती प्रीति बत्रा, हेल्थ एम्बेसडर श्रीमती रश्मि आहूजा तथा साहित्य प्रकोष्ठ अध्यक्ष हिमांशु शुक्ला को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए। पैनल डिस्कशन के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधन से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि कुछ सदस्य प्रश्नकर्ता के रूप में भी शामिल हुए, जिन्होंने स्वास्थ्य संबंधी अपनी जिज्ञासाएँ और समस्याएँ प्रस्तुत कीं। वक्ताओं ने इन प्रश्नों के उत्तर गहन समझ, व्यावहारिक दृष्टिकोण और कुशलता के साथ दिए, जिससे उपस्थित जनसमूह को उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक संदेश और स्वस्थ समाज के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ। आयोजकों ने वक्ताओं, अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसे और भी सार्थक आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया।

# मारपीट का आरोपी तलवार के साथ गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान में मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी को तलवार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी मुस्तफा पुत्र इलियास ने गांव के ही कुर्बान पुत्र मतलब पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। पीड़ित का आरोप था कि आरोपी ने तलवार से उसके मकान के दरवाजे पर कई बार किए थे। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी कुर्बान को तलवार सहित गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि आरोपी कुर्बान को तलवार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 188 जोड़ों का बुलंदशहर में विवाह कार्यक्रम हुआ संपन्न

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बुधवार को होटल ग्रीन इंडिया, बुलन्दशहर में भव्य सामूहिक विवाह/निकाह समारोह सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 188 जोड़ों का विवाह/निकाह विधि/विधान के अनुसार संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बुलंदशहर, उप निदेशक समाज कल्याण मेरठ मंडल, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास, सहायक श्रमायुक्त एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया तथा उनके सुखद वैवाहिक जीवन की मंगलकामनाए दी गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को शासन बुलंदशहर द्वारा निर्धारित निम्न समस्त सुविधाए एवं सहायता प्रदान की गई। कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि रूपया 60,000/- (रुपए साठ हजार मात्र) कन्या के खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से अन्तरित की जाएगी। धनराशि रूपया 25,000 (रुपए पच्चीस हजार मात्र) मूल्य की वैवाहिक उपहार सामग्री शासनादेश में दी गई व्यवस्थानुसार मौके पर वर-वधू को उपलब्ध करा दी गई। कार्यक्रम आयोजन हेतु भोजन, पण्डाल फर्नीचर, पेयजल, विद्युत/प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु रूपया 15,000 प्रति जोड़ा व्यय किया जायेगा।

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पीस कमेटी की थाना प्रांगण में हुई बैठक संपन्न

**रामघाट/बुलंदशहर/**पीस कमेटी की थाना प्रभारी की अध्यक्षता में थाना प्रांगण में ग्राम प्रधान व सम्भ्रांत लोगों की बैठक संपन्न हुई बैठक में आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि पर्व को लेकर विशेष रूप से चर्चा कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व है इस पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग करें उन्होंने कहा इस पर्व पर सभी मीट की दुकानें बंद रहेगी उन्होंने कहा रामघाट से लेकर अलीगढ़ बुलंदशहर की सीमा तक सड़क के किनारे किसी व्यक्ति ने रोड़ी ईट बदरपुर लकड़ी आदि डालकर अतिक्रमण कर रखा है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 22 फरवरी को आईपी कॉलेज में मेगा /वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का किया जाएगा आयोजन

वेलकम इंडिया




**बुलंदशहर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/ अपर सिविल जज ( प्रवर खंड ) अनुपम सिंह द्वितीय द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेश के अनुपालन में संजय सिंह प्रथम जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुलंदशहर के दिशा निर्देशन में जनपद बुलंदशहर में 22 फरवरी को आईपी कॉलेज कैंपस द्वितीय बुलंदशहर में मेगा/ बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों जिनके अंतर्गत निर्बल वर्ग, दिव्यांगों, बच्चों, स्त्रियों, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु जनकल्याणकारी योजनाएं प्रचलित हैं या विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों में कर्तव्य के अंतर्गत आती हैं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अपेक्षा यह है कि इन विभागों की लक्षित योजनाओं को प्राधिकरण के उद्देश्यों एवं कर्तव्यों के आधार पर चिन्हित कर मेगा/ व्रहद शिविर का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है।

महिला सशक्तिकरण, जनसामान्य से जुड़ी योजनाएं, निर्धन बीमा योजनाएं, असंगठित श्रम विभाग की योजनाएं, जल एवं संरक्षण संबंधी योजनाओं को विधिक साक्षरता कार्यक्रम का भाग बनाया गया है सभी पैराविधिक स्वयंसेवकों को निर्देशित किया गया है की जिम्मेदारी के साथ प्रचार प्रसार कर पूरे जनपद में जहां भी कोई भी इंसान किसी तरह की किसी भी विभाग की समस्या से जूझ रहा हो उसकी समस्या को सुनकर उसे 22 फरवरी को लगने वाले मेगा/ व्रहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर में लाएं और उसकी समस्या का समाधान करायें, शिविर में जनपद के लगभग 44 विभागों के आधिकारिगण मौजूद रहकर समस्याएं सुनेंगे।

# सपनों की उड़ान सुलेख प्रतियोगिता में पल्लवी नेगी ने मारी बाजी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गरुड़ ब्लॉक की होनहार छात्रा पल्लवी नेगी पुत्री दिनेश नेगी राजकीय जूनियर हाईस्कूल मांल्दे में आठवीं कक्षा में अध्यनरत है। विगत दिनों सपनों की उड़ान प्रतियोगिता 2026 में पल्लवी ने जिले स्तर पर सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गरुड़ ब्लाक प्रमुख किशन सिंह बोरा ने भी पल्लवी की सुलेख लेखनी की प्रसंसा करते हुए उसे सम्मानित किया और प्रतिभावान छात्रा कोभविष्य में भी प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुए परिवार क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। सोशियल मीडिया और वॉट्सअप ग्रुप में पल्लवी नेगी द्वारा लिखा सुलेख खूब वायरल हुआ और लोगो द्वारा उसकी खूब प्रशंसा की गई। पल्लवी के पिता दिनेश नेगी पत्रकार है, जबकि माता कविता नेगी गृहिणी के साथ ही खेती, पशुपालन के साथ वर्तमान में ग्राम प्रधान माल्दे है। पल्लवी नेगी के पिता दिनेश नेगी ने कहा कि पांच तक की शिक्षा प्राथमिक विद्यालय नौघर और वर्तमान शिक्षा राजकीय जूनियर हाईस्कूल मांल्दे जो कि सरकारी विद्यालय है। इन पर मेरे द्वारा भरोसा किया और स्कूल की शिक्षिकाओं की अच्छी शिक्षा और बच्ची की मेहनत से जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरकारी शिक्षा में विश्वास किया हैं और आगे भी किया जायेगा। बच्ची की लेखनी को सिविल सोसायटी के अध्यक्ष व हाई कोर्ट के अधिवक्ता डी के जोशी, पूर्व प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज गागरी गोल नन्दन सिंह अल्मिया, प्रधानाचार्या राजकीय जूनियर हाईस्कूल मांल्दे गंगा जोशी, शिक्षिका विमला करायत, ललिता जोशी, ग्राम प्रधान कविता नेगी, जिला पंचायत सदस्य अंणा भास्कर बोरा, दिनेश नेगी, वरिष्ठ पत्रकार हरीश जोशी व चन्द्र शेखर बड़सिला, अखिल जोशी, कृष्णा गड़िया, अनिल पाण्डे, भगवत नेगी, विपिन जोशी, साहित्यकार मोहन जोशी, हेम चन्द दुबे, सुरेन्द्र वर्मा सहित समस्त क्षेत्र वासियों ने बच्ची को बधाई देते हुए राज्य और देश में अपना परचम लहराने की बात कही।

# राजा भैया के विरुद्ध षड्यंत्र का जाल तो कट रहा है पर भरपाई कौन करेगा: दिव्य अग्रवाल (लेखक व विचारक)



वेलकम इंडिया

सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर ट्रायल करके टी आर पी बढ़ाने का व्यापार आज कल प्रचलन में है लेकिन जब न्यायपालिका का निर्णय इन सब ट्रायलो की धज्जिया उडाता है तो इन ट्रायल चलाने वालो का मुँह तो बंद हो जाता है पर जिस व्यक्ति के विरुद्ध इस प्रकार के षड्यंत्र भरे ट्रायल चलाये जाते हैं और उनसे जो सामाजिक ख्याति, मानसिक शान्ति का नुकसान होता है उसकी भरपाई कोई नहीं करता। कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया जिनके विरुद्ध उनकी पत्नी ने घरेलू हिंसा के आरोप लगाए थे मीडिया ने उन आरोपों का आधार जाने बिना ही मीडिया ट्रायल करना शुरू कर दिया जबकि सत्यता यह थी की राजा भैया और भानवी सिंह जी का विवाह वर्ष 1995 में हुआ और वर्ष 2015 तक भानवी सिंह जी ने कोई भी घरेलू हिंसा का आरोप राजा भैया पर नहीं लगाया अर्थात विवाह के 20 वर्षो तक कोई भी आरोप भारत के किसी भी थाने या न्यायालय में भानवी जी द्वारा राजा भैया के विरुद्ध नहीं लगाया गया और वर्ष 2025 में हिंसा का आरोप लगाया गया और कहा गया कि 2015 में राजा भैया द्वारा घरेलू हिंसा की गई। अब सारांश समझिए एक विवाह 20 वर्षों तक सही चलता है फिर एक घटना होने का दावा किया जाता है जिसका मुकदमा तब दर्ज न कराके 10 वर्ष बाद कराया जाता है क्या यह बात विश्वास करने योग्य है, शायद नहीं।

इसलिए दिल्ली की कोर्ट ने संविधान के अनुरूप भानवी जी के आरोपों का संज्ञान नहीं लिया। क्या मीडिया को ट्रायल चलाने से पूर्व सत्यता का पता नहीं करना चाहिए था, ये कितना भयावह हो चूका है की यदि कोई विषय सार्वजनिक हो जाय तो समाज भी बिना कुछ सोचे समझे अपनी प्रतिक्रिया देने लगता है। क्या सही है क्या गलत, न्यायपालिका से सब स्पष्ट हो जाता है इसलिए सस्ती लोकप्रियता बटोरने से पूर्व समाज को भी सोचना चाहिए और धैर्य धारण करना चाहिए। रही बात राजा भैया की तो जितना देखा गया राजा भैया ने भानवी जी के किसी भी आरोप का न तो कोई अमर्यादित जवाब दिया और न ही मीडिया को कोई जानकारी सार्वजनिक की, धीरे धीरे सब कुछ सामने आ रहा है एडह वाले मुकदमे में भी राजा भैया के पारिवारिक व्यक्ति अक्षय प्रताप सिंह को दोषी न पाते हुए शिकायत को निरस्त कर दिया गया। राजा भैया के बारे में सुना है की वो प्रतिवर्ष सैकड़ो कन्याओ का विवाह करवाते हैं, लोगो का उपचार करवाते हैं आवश्यकतानुसार हर सम्भव मदद अपने लोगो की करते हैं ऐसे व्यक्ति पर कुछ भी कहने से पहले मंथन करना चाहिए क्यूंकि कोई व्यक्ति संघर्ष और सेवा से अपनी ख्याति को समाज में स्थापित करता है उसको धूमिल करने का अधिकार किसी को नहीं होना चाहिए।

# शिक्षक के बहाल न होने पर संघ करेगा आंदोलन



वेलकम इंडिया

मथुरा। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद मथुरा के प्रतिनिधि मंडल ने विकासखंड नौहझील के प्रधानाध्यापक जान मोहम्मद को निलंबित किए जाने के विरोध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा श्रीमती रतन कीर्ति को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि जान मोहम्मद पर लगाए गए सभी आरोप एकतरफा एवं सत्यता से परे हैं उनके द्वारा विद्यालय में विगत कई वर्षों से लगातार सेवा की जा रही है ।लेकिन उनके विरुद्ध किसी भी प्रकार की कोई शिकायत पूर्व में प्राप्त नहीं हुई है ।उन्होंने सीमा सुरक्षा बल में भी 12 वर्ष तक अपनी सेवाएं पूर्ण देशभक्ति एवं ईमानदारी से दी है । संघ को विद्यालय में कार्यरत अन्य अध्यापकों छात्रों अभिभावकों ने अवगत कराया है कि उन पर एक तरफा कार्यवाही में किसी जांच को किए बिना की गई है जो कि नैसर्गिक न्याय के सर्वदा विपरीत है । संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए अपने ज्ञापन में मांग की है कि जान मोहम्मद प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय नौहझील विकासखंड नौहझील को अग्रिम तीन कार्य दिवस में बहाल नहीं किया गया तो शिक्षक संघ आंदोलन हुए बाध्य होगा ।प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सारस्वत ,जिला अध्यक्ष अतुल सारस्वत ,जिला महामंत्री लक्ष्मी नारायण ,जिला कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद शर्मा, बलदेव ब्लॉक के संरक्षक राजकुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा श्रीमती रतन कीर्ति ने संघ को आश्वस्त किया है कि संघ के दिए गए समय के अंतर्गत ही दो दिन में उक्त प्रकरण का पटाक्षेप कर दिया जाएगा शिक्षक का उत्पीड़न नहीं होगा।

## यूनाइटेड बाय यूनिक थीम के साथ रोकथाम, समय पर निदान और उपचार पर दिया गया संदेश

गाजियाबाद। दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर में बुधवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व कैंसर दिवस की थीम 'यूनाइटेड बाय यूनिकज रही, जिसे वैश्विक संस्था यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल द्वारा निर्धारित किया गया है। इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, प्रारंभिक लक्षणों की पहचान पर बल देना और मरीजों को समय रहते सटीक एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि यदि कैंसर के शुरूआती लक्षणों की समय पर जांच कर ली जाए तो उचित उपचार के माध्यम से इस रोग को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि जीवनशैली में सुधार और तंबाकू सेवन से दूरी बनाकर कैंसर के जोखिम को कम किया जा सकता है।

# जल शक्ति मंत्री ने खुर्जा विकास प्राधिकरण द्वारा स्थापित 'भगवान आदियोगी' की मूर्ति का किया अनावरण

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर सिंचाई विभाग निरीक्षण भवन परिसर वलीपुरा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह द्वारा बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण द्वारा स्थापित 'भगवान आदियोगी' की मूर्ति का अनावरण एवं सिंचाई विभाग द्वारा विगत वर्षों में पूर्ण की गयी14 अदद परियोजनाओ जिनकी लागत रू० 138.15 करोड है, का लोकार्पण किया गया। मंत्री जी द्वारा प्रेस वार्ता मे अवगत कराया गया कि सिंचाई विभाग के द्वारा विभिन्न नहरों पर सीसी लाइनिग, रेगूलेटर, सडक, पुल, पुलियों आदि का निर्माण कराये जाने से आम जनता को सिंचाई एवं आवागमन की सुविधा प्रदान होगी जिससे आम जनता में खुशी व्याप्त है, मंत्री जी द्वारा विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में विधायक सदर प्रदीप चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया जिला अध्यक्ष भाजपा विकास चौहान, उपाध्यक्ष सिंचाई बन्धु शंभू सिंह राघव आदि जनप्रतिनिधि व सिंचाई विभाग के मुख्य अभियन्ता गंगा जीपी श्रीवास्तव, मुख्य अभियन्ता यमुना दिनेश सिंह, मुख्य अभियन्ता मध्य गंगा केएम० कंसल, अधीक्षण अभियन्ता प्रभात कुमार सिंह अधिशासी अभियन्ता बिनोद कुमार सिंह तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# दिल्लीवाले हो जाएं सावधान! हर दिन 54 लोग हो रहे लापता

एहसान अंसारी

नई दिल्ली: नए साल 2026 की शुरूआत दिल्लीवासियों के लिए एक डरावनी खबर के साथ हुई है. राष्ट्रीय राजधानी में लोग रहस्यमय तरीके से गायब हो रहे हैं. दिल्ली पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है. 1 जनवरी से 15 जनवरी के बीच, यानी सिर्फ 15 दिनों के भीतर दिल्ली से 807 लोग लापता हो चुके हैं. अगर औसत निकाला जाए तो हर दिन करीब 54 लोग गायब हो रहे हैं. सबसे चिंताजनक बात यह है कि गायब होने वालों में महिलाओं और बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा है, जो महिला सुरक्षा के दावों पर गंभीर सवाल खड़े करता है ।आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में महिलाएं और लड़कियां बिल्कुल सुरक्षित नहीं हैं. 15 दिनों में गायब हुए 807 लोगों में से लगभग दो-तिहाई महिलाएं हैं. लापता लोगों में 509 महिलाएं/लड़कियां हैं, जबकि पुरुषों की संख्या 298 है. वयस्कों की श्रेणी में भी महिलाओं की संख्या (363) पुरुषों (253) से कहीं ज्यादा है. सिर्फ बड़े ही नहीं, बच्चे भी सुरक्षित नहीं हैं. आंकड़ों के मुताबिक, इन 15 दिनों में 191 नाबालिग बच्चे लापता हुए हैं. हर दिन औसतन 13 बच्चे अपने घरों से गायब हो रहे हैं. सबसे डराने वाली बात यह है कि लापता किशोरों/नाबालिगों में से 71% का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है. दिल्ली पुलिस के लिए यह स्थिति किसी चुनौती से कम नहीं है. 15 जनवरी तक के आंकड़ों के मुताबिक, गायब हुए 807 लोगों में से 572 लोग अब भी पुलिस की पहुंच से बाहर हैं. उनका कोई अता-पता नहीं है कि वे कहां गए या उनके साथ क्या हुआ. नए साल की शुरूआत में ही इतनी बड़ी संख्या में लोगों का गायब होना दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर एक बड़ा धब्बा है.

# श्री खाटू श्याम सेवादार परिवार ट्रस्ट की हुई बैठक

वेलकम इंडिया




मथुरा। श्री खाटू श्याम सेवादार परिवार ट्रस्ट द्वारा आयोजित बैठक की गई। बैठक में श्री खाटू श्याम सेवादार परिवार द्वारा 20 फरवरी से 23 फरवरी तक चार दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के बारे में संस्थापक राजीव अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 फरवरी को निशान यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, निशान यात्रा कृष्णा नगर स्थित विपिन नर्सिंग होम के पीछे से प्रारंभ होकर भूतेश्वर महादेव मंदिर के समीप श्री खाटू श्याम मंदिर पर संपन्न होगी। संस्था के अध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्रवाल ने बताया की 22 फरवरी को श्री खाटू श्याम जी का मेहंदी कार्यक्रम शाम 4 बजे से कृष्ण कुंज कॉलोनी स्थित भूतेश्वर रोड पर किया जाएगा। उपाध्यक्ष प्रियांक मल्होत्रा ने सभी सदस्यों को बताया 23 फरवरी को एक विशाल संकीर्तन शाम 6 बजे से फ्लोरेंस गार्डन सरस्वती कुंड, मसानी लिंक रोड पर किया जाएगा। संस्था के सचिव आलोक जैन ने जानकारी दी इस वर्ष विशाल संकीर्तन में अंतर्राष्ट्रीय भजन गायिका श्रीमती अंजलि द्विवेदी नाथ नगरी बरेली, विख्यात भजन सम्राट विशाल शैली पटियाला पंजाब, अभी-अनुज पारीख भीलवाड़ा राजस्थान से एवं अपने ब्रज क्षेत्र से सुप्रसिद्ध भजन गायक भी अपने मधुर भजनों से श्री खाटू श्याम बाबा को रिझायेंगे। कार्यक्रम के दौरान चार दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का पदाधिकारी ने विमोचन किया। कार्यक्रम के अंत में श्री खाटू श्याम बाबा की महा आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से मनोज अग्रवाल, नीलू गोला, राजेश अग्रवाल, मोहित मित्तल, भूपेंद्र गर्ग, उमेश भदौरिया, लवनीश अग्रवाल एवं पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

# कल्याणं करोति नेत्र संस्थान में नवनिर्मित प्रशिक्षण भवन का लोकार्पण समारोह आज

वेलकम इंडिया

मथुरा/गोवर्धन। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा संचालित प्रवीण दलाल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑपथैल्मोलाजी, गोवर्धन रोड, मथुरा स्थित नवनिर्मित प्रशिक्षण भवन का भव्य लोकार्पण समारोह 05 फरवरी 2026 प्रातः 11 बजे कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, जचौंदा, गोवर्धन रोड, मथुरा पर आयोजित किया जा रहा है।

नवनिर्मित प्रशिक्षण भवन के लोकार्पण से नेत्र चिकित्सा एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में संस्थान की सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं विस्तृत स्वरूप प्राप्त होगा। इस भवन के माध्यम से भावी नेत्र चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं तकनीकी कर्मियों को आधुनिक तकनीक, उन्नत शल्य प्रक्रियाओं, क्लिनिकल प्रशिक्षण तथा अनुसंधान आधारित शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, इससे संस्थान द्वारा जनसामान्य को प्रदान की जा रही उच्च गुणवत्ता की नेत्र चिकित्सा सेवाओं की क्षमता एवं प्रभावशीलता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

संस्थान सचिव सुनील कुमार यादव ने बताया कि संतजनौं, जन प्रतिनिधि , समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी जनों एवं समाज के गणमान्य जनों की मौजूदगी में प्रशिक्षण संस्थान का विधिवत शुभारंभ होगा। क्षेत्रीय युवाओं को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में रोजगार पाने की संभावनाएं प्रबल होंगी।

# ब्लाक पहासू में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा .....



पहासू। पहासू ब्लाक परिसर में शिव परिवार की पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बुधवार को भाजपा के प्रदेश मंत्री डॉ. चंद्रमोहन ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित हवन यज्ञ में आहुति दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को पहासू में विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ था। इस दौरान महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। डीजे की धुन पर धार्मिक नारे लगाते हुए युवाओं की टोली भी आगे बढ़ रही थी। दूसरे दिन के हवन यज्ञ में भाजपा के प्रदेश मंत्री डॉ. चंद्रमोहन के साथ क्षेत्र के कई ग्राम प्रधानों और बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता की। सभी ने हवन यज्ञ में आहुति देकर जन कल्याण की कामना की। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख पति मुनेश कुमार, नरेंद्र शर्मा, मनोज गर्ग, श्रीपाल सिंह, अवधेश सिंह, विनीस सेठ, झलक प्रताप, गुलाब सिंह, प्रवीन शर्मा, गौरव जादौन, जगनेश चौधरी सत्यपाल सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बैजनाथ में वनविभाग द्वारा फायर फाइटरों को किए अग्नि सुरक्षा उपकरण किट वितरित



वेलकम इंडिया

गरुड़,दिनेश नेगी, द हंस फाउंडेशन व वन क्षेत्राधिकारी बैजनाथ के संयुक्त तत्वावधान में गरुड़ ब्लॉक के 23 ग्राम पंचायतो के फायर फाइटर को वन अग्नि सुरक्षा उपकरण किट वितरित किये। साथ ही वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र सिंह गुसाई ने सभी स्वयं सेवको को अग्नि सुरक्षा, वन्य जीवों के हमले और आग लगने की घटना को कैसे नियंत्रित करें उसके बारे में विस्तार से बताया। हंस फाउंडेशन के जिला समन्वयक खीम सिंह रावत ने सभी फायर फाइटरो को इन उपकरणों को प्रयोग करने की विधि की जानकारी दी। कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र सिंह गुसाई, चंदन कुमार, हंस फाउंडेशन से गंगा आर्या, हरीश रावत, ललित नेगी, शिव सिंह, दिनेश नेगी, कमला देवी, आशा देवी, मुन्नी देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# एस.एन.एस नेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा गुड लक महोत्सव का किया गया आयोजन



संदीप तिवारी

मिजार्मुराद कछवारोड़। गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित सत्यनारायण सिंह नेशनल स्कूल में बुधवार को छात्र-छात्राओं द्वारा गुड लक महोत्सव का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक एवं भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया गया ।इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा समूह नृत्य, नाटक, डांडिया, एकांकी एवं कविता प्रस्तुत किया गया ।कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा ये कार्यक्रम 10 के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह पर किया गया जो देर शाम तक चला ।इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह गौतम, प्रधानाचार्य सुधांशु सिंह गौतम, मीरा सिंह, वीणा सिंह, सुरेन्द्र मिश्रा, अमित, बाबू राम, दामिनी, अजय सिंह, अर्चना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# लखीमपुर खीरी में पुलिस महकमे का बड़ा फेरबदल,संकल्प शर्मा का कानपुर तबादला, ख्याति गर्ग होंगी नई कप्तान

वेलकम इंडिया



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राज्य की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग के आला अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बड़ा बदलाव किया गया है। इसी फेरबदल के तहत लखीमपुर खीरी जनपद के पुलिस कप्तान के रूप में तैनात रहे संकल्प शर्मा का स्थानांतरण कर दिया गया है। उन्हें अब औद्योगिक नगरी कानपुर कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त (ऊउढ) के पद पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। संकल्प शर्मा का कार्यकाल खीरी जनपद में चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भी कानून-व्यवस्था को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिए जाना जाएगा। उनके जाने के बाद अब जनपद की कमान महिला आईपीएस अधिकारी ख्याति गर्ग के हाथों में होगी। भारतीय पुलिस सेवा की तेज-तर्रार अधिकारी मानी जाने वाली डॉ ख्याति गर्ग को लखीमपुर खीरी का नया पुलिस अधीक्षक (रढ) नियुक्त किया गया है। ख्याति गर्ग इससे पहले भी प्रदेश के विभिन्न जनपदों और महत्वपूर्ण शाखाओं में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं, जहाँ उन्होंने अपराध नियंत्रण और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर कड़ाई से काम किया है। उनकी नियुक्ति को जनपद में प्रशासनिक कसावट लाने और जनता के बीच पुलिस की छवि को और अधिक विश्वसनीय बनाने के कदम के रूप में देखा जा रहा है। शासन की ओर से जारी आदेश के बाद जल्द ही नई एसपी अपना पदभार ग्रहण करेंगी। इस प्रशासनिक फेरबदल को लेकर पुलिस विभाग के साथ-साथ राजनीतिक गलियारों में भी चचाएँ तेज हैं। कानपुर जैसे बड़े और संवेदनशील कमिश्नरेट में संकल्प शर्मा की तैनाती उनकी कार्यक्षमता पर भरोसे को दशार्ती है, वहीं खीरी जैसे महत्वपूर्ण सीमावर्ती जनपद में ख्याति गर्ग की नियुक्ति अपराध के ग्राफ को कम करने और पुलिसिंग को हाई-टेक बनाने की दिशा में एक बड़ा संकेत है। स्थानीय नागरिकों को उम्मीद है कि नई कप्तान के नेतृत्व में जिले में शांति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

# एपीएल क्रिकेट में जबरदस्त रोमांच,सुपर ओवर में एग्रो राइजिंग स्टार ने दर्ज की यादगार जीत

(संतोष कुमार सिंह)




वाराणसी:- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के एग्रीकल्चर ग्राउंड पर आयोजित एग्रीकल्चर प्रीमियर लीग (एपीएल) का मुकाबला क्रिकेट प्रेमियों के लिए किसी थ्रिलर से कम नहीं रहो दस ओवर के इस रोमांचक मैच में एग्रो राइजिंग स्टार और कोबरा चैलेंजर्स की टीमें आमने -सामने थीं मैच का हर पल दर्शकों की धड़कनें बढ़ाता रहा और अंततः मुकाबला सुपर ओवर तक जा पहुँचा मैच में टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए एग्रो राइजिंग स्टार की टीम ने संतुलित और आक्रामक प्रदर्शन कियो टीम ने निर्धारित दस ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 91 रन बनाए,बल्लेबाजों ने शुरूआत से ही रन गति को तेज बनाए रखा और टीम का रन रेट 9.8 रहा जो छोटे प्रारूप में एक प्रभावशाली प्रदर्शन माना जाता है बीच के ओवरों में कोबरा चैलेंजर्स के गेंदबाजों ने कुछ अहम विकेट लेकर दबाव बनाने की कोशिश की,लेकिन एग्रो राइजिंग स्टार के बल्लेबाजों ने संयम और सूझबूझ के साथ पारी को संभाले रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोबरा चैलेंजर्स की टीम ने भी शानदार जुझारूपन दिखायो टीम ने शुरूआत से ही रन चेज को आसान बनाने की कोशिश की और अंतिम ओवर तक मुकाबले को जीवंत बनाए रखो निर्धारित दस ओवरों के अंत तक कोबरा चैलेंजर्स ने चार विकेट के नुकसान पर 91 रन बना लिए इस तरह दोनों टीमें बराबरी पर आ गईं और मैच टाई घोषित कर दिया गयो मैदान पर मौजूद दर्शकों में उत्साह चरम पर था, क्योंकि अब मुकाबले का फैसला सुपर ओवर से होना था।

# बाबा साहेब की मूर्ति चोरी के बाद प्रशासन ने दूसरी नई मूर्ति की स्थापित, बसपाइयों का गुस्सा शांत

असदुल्लाह सिद्दीकी



**त्रिलोकपुर/सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के पेड़ारी गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा चोरी के बाद बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने मामले को संज्ञान मे लेते हुए प्रशासन को कड़ी चेतावनी दे डाली कहा की पुलिस मूर्ति चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करें और पुनः बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की दूसरी मूर्ति स्थापित करें जिसके लिए बसपा जिलाध्यक्ष ने प्रशासन को 12घंटे का अल्टीमेटम दिया था। प्रशासन ने बुधवार को बसपाइयों का गुस्सा शांत कराया। आज तनाव पूरी तरह शांत हो गया है। 1 जनवरी की रात चोरी हुई 8.30 किलो वजनी पीतल की प्रतिमा के स्थान पर बुधवार को 18 किलो वजनी नई पीतल की प्रतिमा स्थापित कर दी गई। नई प्रतिमा की स्थापना के साथ ही गांव में पिछले कई दिनों से बना असंतोष समाप्त हो गया।पेड़ारी गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा करीब सात वर्ष पूर्व स्थापित की गई थी। जो सामाजिक सम्मान, समानता और संविधान निमार्ता के विचारों का प्रतीक मानी जाती थी। 1 जनवरी की रात अज्ञात लोगों द्वारा प्रतिमा चोरी किए जाने की जानकारी जब सुबह ग्रामीणों को हुई तो पूरे गांव में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। घटना के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ समय के लिए इटवाझबिस्कोहर मार्ग जाम कर दिया, जिससे करीब 10 से 15 मिनट तक आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया गया, जिसके बाद यातायात बहाल हो सका। घटना के बाद त्रिलोकपुर थाना पुलिस ने जांच शुरू की, लेकिन चोरी गई प्रतिमा का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। इसी बीच गांव में बढ़ते असंतोष और सामाजिक तनाव को देखते हुए नगर पंचायत इटवा के अध्यक्ष विकास जायसवाल ने पहल की। उन्होंने त्रिलोकपुर थाना प्रभारी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास किया। बुधवार को गांव में विधि-विधान के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर की 18 किलो वजनी नई पीतल की प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर त्रिलोकपुर थाना प्रभारी, बसपा नेता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रतिमा स्थापना के दौरान बाबा साहब के विचारों और सामाजिक न्याय के संदेश को स्मरण किया गया।ग्रामीणों ने बताया कि चोरी हुई प्रतिमा का वजन लगभग 8.30 किलो था, जबकि नई प्रतिमा 18 किलो वजनी है।

# संपत्ति कुर्क करने पहुंची राजस्व टीम पर बरपा कहर, दबंगों ने अमीन को पीटा

असदुल्लाह सिद्दीकी



**मोहाना/सिद्धार्थनगर।** जनपद के मोहाना थाना क्षेत्र मे सरकारी कार्य में बाधा डालने और संग्रह अमीन के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट का मामला मंगलवार का बताया जा रहा है। बकाया वसूली के दौरान दो युवक संग्रह अमीन के साथ गाली-गलौज की। इसके बाद खेत में ही मुख्यमंत्री योगी व स्थनीय विधायक का नारा लगाते हुए पिटाई की। इससे जुडा एक वीडियो सोशल मीडिया पर मंगलवार को वायरल हुआ था। इसमें खेत मे अमीन के साथ गाली-गलौज की और डंडों व घूंसे से मारपीट की गई है। हालांकि वेलकम इण्डिया समाचार पत्र इस वीडियो की पुष्टि नहीं करती है। मामला नौगढ़ तहसील के मोहाना थाना क्षेत्र में रोहूडीला गांव का है।

जानकारी के अनुसार नौगढ़ तहसील के संग्रह अमीन मुकेश भारती नायब तहसीलदार सदर और अन्य कर्मचारियों के साथ ग्रामीण बैंक की मोहाना शाखा से जुड़े बकायेदारों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई करने पहुंचे थे।मंगलवार को नौगढ़ तहसील के रोहूडीला गांव में संग्रह अमीन मुकेश भारती नायब, तहसीलदार सदर और अन्य कर्मचारियों के साथ ग्रामीण बैंक से जुड़े बकायेदारों की संपत्ति कुर्क करने पहुंचे थे। जिसमें रोहूडीला गांव निवासी अनिल यादव और अखिलेश यादव पर बैंक का लगभग 5.50 लाख रुपए बकाया था। राजस्व विभाग द्वारा इसी बकाया राशि की वसूली के लिए कार्रवाई की जा रही थी। खेत की कुर्की शुरू होते ही दोनों आरोपी उग्र हो गए।आरोप है कि उन्होंने संग्रह अमीन मुकेश भारती के साथ गाली-गलौज की और डंडों व घूंसे से मारपीट कर सरकारी कार्य में जानबूझकर बाधा डाली। वीडियो में घटना का पूरा दृश्य साफ तौर पर देखा जा सकता है। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव का प्रयास किया। लेकिन आरोपी लगातार हमला करते रहे। घटना के बाद संग्रह अमीन मुकेश भारती की तहरीर पर मोहाना थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस घटना को लेकर राजस्व विभाग के कर्मचारियों में आक्रोश है। कर्मचारियों का कहना है कि वे शासन के निर्देश पर वैधानिक कार्य करते हैं।

# तीन साल की मासूम बच्ची से दरिंदगी:जिला अस्पताल में भर्ती

असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना क्षेत्र में तीन साल की एक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के बाद बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना सोमवार देर शाम की है। पास में रहने वाला एक किशोर बच्ची को बहला-फुसलाकर घर के पीछे स्थित एक सुनसान जगह पर ले गया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।बच्ची के रोने और चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख आरोपी मौके से भाग गया।स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्ची को जिला अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सिद्धार्थनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद ने बताया कि बच्ची के पिता की तहरीर पर आरोपी किशोर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।बच्ची का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।

# 10 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनांतर्गत ट्रेड दर्जी का 10 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ बुधवार को शहर के एक निजी होटल मे हुआ। इसका उद्घाटन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा गोरखपुर शिवनाथ चौधरी , उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश पासवान व सहायक आयुक्त उद्योग शिव शंकर कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।जिसका सिलाई प्रशिक्षण मूर्ति देवी स्मारक महाविद्यालय पकड़ी में किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत 10 दिवस का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे जनपद के नवयुवक, नवयुवतियों को अपने कौशल के विकास में सहायता मिलेगी। साथ ही उनको प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक तकनीकी, गुणवत्ता सुधार, पैकेजिंग, ब्राडिंग, मार्केट लिंकेज की जानकारी प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार युक्त बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण के सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार परक योजनाओं सीएम युवा अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना से भी लाभान्वित कराया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक उदय शंकर चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में एक विशाल स्वास्थ्य स्क्रीनिंग शिविर किया आयोजित



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर**/बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारपुर पर विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में एक विशाल स्वास्थ्य स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ सीएमओ डॉ सुनील कुमार दोहरे के द्वारा किया गया शिविर का भव्य व्यवस्थापन डॉ सुस्मित स्नेहा डिप्टी नोडल एनओएचपी के द्वारा किया गया। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सीएचसी प्रभारी अधीक्षक डॉ शशि शेखर सिंह डॉ हरेंद्र बंसल जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ रमित कुमार जिला सर्विलांस अधिकारी की उपस्थिति में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सभी आशाओं एएनएम सीएचओ एवं अन्य लोगों को कैंसर के विषय में जागरूक किया गया।

# कपकोट में राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी चैंपियनशिप पांच से

वेलकम इंडिया



**कपकोट**,गोविन्द मेहता, कपकोट क्षेत्र के केदारेश्वर मैदान में 5 से 9 फरवरी तक राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जिले में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद और जिला प्रशासन बागेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए देशभर से 96 पायलटों ने पंजीकरण कराया। इनमें से लगभग 50 से 60 चयनित प्रतिभागी ही प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। उत्तराखंड के अलावा हिमाचल प्रदेश, शिलांग, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात और बीएसएफ की टीमों के पायलट भी इसमें शामिल होंगे।जिसमें प्रथम विजेता टीम को एक लाख, द्वितीय को पचास हजार जबकि तृतीय विजेता को30 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा।कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया ने बताया कि साहसिक पर्यटन विभाग फ्लाई हिमालयाज एडवेंचर जैसे संगठनों के तहत हो रहा है।प्रतियोगिता को लेकर जिलेवासियों में उत्साह है।जिसके लिए विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया के प्रयासों की सराहना हो रही है।पहले भी कपकोट में राष्ट्रीय स्तर की पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिताएं सफल रही है।

बताया कि प्रतियोगिता न सिर्फ स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणा है, बल्कि बागेश्वर-कपकोट को पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत करेगा। विधायक गढ़िया ने आयोजन को सफल बनाने हेतु आयोजकों को अपने स्तर से भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया।साथ ही पैराग्लाइडिंग का भी लुत्फ उठाया।

# शालीमार गांव मैक्स रोड,अपना घर बचाने बच्चे भी कर रहे है आंदोलन

एहसान अंसारी




**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की शालीमार बाग विधानसभा में बच्चे बुजुर्गों महिलाएं अपने घर बचाने के लिए हर दिन कर रहे प्रयास। मामला शालीमार गांव मैक्स रोड की है जहां रोड़ चौड़ाई के लिए सरकार लगभग 200 से ज्यादा मकानों को चिन्हित करके मकानों के बाहर नोटिस लगा दिया गया है। जब से चिन्हित हुआ है हर दिन अपने मकानों को बचाने के लिए घर हर प्रयास कर रहे है लगातार दिल्ली सरकार और प्रधानमंत्री से अपील कर रहे है। बच्चे भी हाथों में बैनर लेकर सड़कों पर आ गए । स्थानीय लोगों का कहना है सरकार विकास करने के लिए अगर हमसे हमारा घर ही छिन लिया जाएगा तो हम लोग कहा जायेगे। महिलाओं ने कहा हमें हर समय एक डर लगा रहता है कब बुलडोजर आ जाएगा और हम बेघर हो जाएंगे रात को नींद नहीं आने लगी डर लगा रहता है। वही लोगों ने कहा काम पर जाते है डर लगा रहता है शाम को घर जायेगे तो अपने बच्चों के साथ घर में रहेंगे या सड़कों पर।

# मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा सुख है निरोगी काया :- बोहरा

वेलकम इंडिया



बाड़मेर राज. 04.02.2026 ।

थार नगरी, बाड़मेर में प्रथम बार बिना दवाई घुटनों, कमर, पीठ आदि के दर्द निवारण को लेकर बुधवार को एन.एच.-68 अहमदाबाद मार्ग पर स्थित श्री वांकल धाम, दुर्गा रेजिडेंसी में वैद्यराज श्री जिग्नेश भाई पटेल, वांकल भक्त वगतावरमल लूणिया व समाजसेवी मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का शुभारम्भ हुआ। आयोजक वगतावरमल लूणिया ने बताया कि वर्तमान समय की भाग-दौड़ व भौतिकवादी संस्कृति में बढ़ती उम्र के साथ-साथ तमाम प्रकार की बीमारियां व शारीरिक समस्याएं व्यक्ति को जकड़ती जा रही है। ऐसे में आमजन की सेवा व राहत को लेकर वांकल धाम, दुर्गा रेजिडेंसी में बुधवार को दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का श्री गणेश हुआ। जिसमें सुप्रसिद्ध वैद्यराज श्री जिग्नेश भाई पटेल अपनी सेवाएं दे रहे है। यह शिविर 04 व 05 फरवरी तक रहेगा। जिसमें घुटना, कमर, पीठ आदि से जुड़ी समस्याओं पर परामर्श व निदान प्रदान किया जायेगा। समाजसेवी मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि स्वास्थ्य मनुष्य ही नहीं बल्कि सभी जीवों के लिए सर्वाच्च धन है। स्वस्थ व्यक्ति ही संसार का सबसे सुखी व्यक्ति माना जाता है। अमन ने कहा कि निरोगी काया मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा धन और सुख है। शिविर के प्रथम दिवस 200 से अधिक व्यक्तियों की जांच कर उन्हें परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान वगतावरमल लूणिया, समाजसेवी मुकेश अमन, गौतमचन्द सिंघवीं, पारसमल गोठी, गौतमचन्द छाजेड़, भोमाराम, जगदीशचन्द छाजेड़, मदनलाल सिंघवीं, चम्पालाल बोथरा, मदनलाल बोथरा, एडवोकट दीक्षित बोथरा, राजू लूणिया, मनीष मामतोरा सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित रहे।

# विश्व कैंसर दिवस पर नवयुग पब्लिक स्कूल खालौर में जागरूकता का संदेश, बच्चों ने बनाई मानव श्रृंखला

वेलकम इंडिया

**जहाँगीराबाद/बुलंदशहर**/विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर नवयुग पब्लिक स्कूल खालौर में छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला एवं पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से समाज को कैंसर के प्रति जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को इस गंभीर बीमारी के प्रति सचेत करना और समय पर जांच व सही इलाज के महत्व को समझाना रहा।

विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद विद्रोही ने कहा कि भारत में हर वर्ष 7 लाख से अधिक नए कैंसर के मामले पंजीकृत होते हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। वहीं प्रधानाचार्य कुमकुम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंसर के कारण देश में प्रतिवर्ष लगभग 5.50 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है तथा भारत में प्रत्येक 9 में से 1 व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कैंसर होने का खतरा रहता है। कार्यक्रम में छात्र जयंत, छवि, आराध्या, कार्तिकेय, वैष्णवी, अनुज, निशु व विशाखा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कैंसर एक गंभीर बीमारी जरूर है, लेकिन समय पर जांच और सही उपचार से इसे हराया जा सकता है।

# एमएल पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ, खो-खो में ग्रीन हाउस बना विजेता

वेलकम इंडिया

**प्रयागराज!** सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त मेजा क्षेत्र के बगहा, सिरसा स्थित एमएल पब्लिक स्कूल में आज पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामनगर चौकी इंचार्ज अभिनव उपाध्याय तथा विशिष्ट अतिथि कारगिल युद्ध विजेता शिवराज गुप्ता रहे।

प्रतियोगिता का शुभारंभ शिवराज गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया, तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने फीता काटकर खेलकूद प्रतियोगिता की औपचारिक शुरूआत कराई। पहले दिन बालिकाओं की खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें पहले मुकाबले में येलो और ग्रीन हाउस के बीच खेला गया, जहां ग्रीन हाउस ने जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में रेड और ब्लू हाउस आमने-सामने रहे, जिसमें रेड हाउस विजयी रहा। इसके बाद खेले गए फाइनल मुकाबले में रेड और ग्रीन हाउस के बीच 21 अंकों का रोमांचक खेल हुआ, जिसमें ग्रीन हाउस ने रेड हाउस को 8 अंकों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। रेड हाउस की कप्तान अनुराधा यादव एवं ग्रीन हाउस की कप्तान आशी केशरी रहीं। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता एवं प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सतीश उपाध्याय सहित शिक्षकगण एवं विद्यालय परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# भारतीय वेटरन क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश की टीम को 4 विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** थाईलैंड में चल रही एशिया वेतियाँ क्रिकेट चैंपियनशिप में भारतीय वेटरन क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश की टीम को 4 विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की।और एशिया लीजेंड कप थाईलैंड अपने नाम किया।

एशियन वेट्रन क्रिकेट चैंपियनशिप थाईलैंड के सचिव रविंद्र त्यागी ने बताया कि बांग्लादेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट खोकर 124 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। भारत की ओर से दिल्ली के खिलाड़ी दीपक शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 76 रन नाबाद बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।वहीं, मैन ऑफ द सीरीज का खिताब छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी कलीम खान को मिला। रविंद्र त्यागी ने बताया कि आज का यह रोमांचक मुकाबला देखने के लिए हमारे बड़े भाई, गाज़ियाबाद के प्रतिष्ठित उद्योगपति सुदन रावत एवं श्रीमती विभा रावत , तथा श्रीमती सुमन त्यागी ( पत्नी प्रवीण त्यागी ) भी उपस्थित रहीं और उन्होंने मैच का भरपूर आनंद लिया। उन्होंने पूरी भारतीय वेटरन क्रिकेट टीम तथा बी वी सी आई के सभी पदाधिकारियों को इस ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।सभी भारतवासियों के लिए अत्यंत गर्व का दिन है। थाईलैंड में फाइनल मुकाबला हुआ जिसमें निवाड़ी निवासी रविंद्र त्यागी सचिन एशियन वेटरन क्रिकेट चैंपियनशिप थाईलैंड मैं खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच वीमेन ऑफ द सीरीज अपने हाथों से देकर नगर पंचायत निवाड़ी का नाम रोशन किया ।भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी, कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, गौ रक्षक नितेश त्यागी, युवा नेता अंकित त्यागी सभासद राजेंद्र त्यागी, सभासद विक्की त्यागी, सभासद मंगेश्वर सभासद जगदीश कुमार आदि लोगों ने निवाड़ी का नाम रोशन करने वाले रविंद्र त्यागी को शुभकामनाएं दी है कि आप भविष्य में भी ऐसे ही नगर पंचायत निवाड़ी का नाम रोशन करते रहे।

# छात्र अपने देश को महान बनाने के लिए सपने देखे - अरविन्द भाई ओझा

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** मुलतानीमल मोदी डिग्री के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना की बौद्धिक परीक्षा के प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में अरविंद भाई ओझा ने कहा कि छात्र अपने देश को महान बनाने के लिए सपने देखें। जिस विद्यालय में मैने पढ़ाई की उसमें अतिथि के नाते आना एक सुखद क्षण है। स्वयंसेवक बनकर हम विद्यार्थी जीवन के साथ साथ अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वाह करना सीखते हैं।हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विचार करना चाहिए। अपने राष्ट्र के प्रति हमें आपकी भूमिका को ध्यान रखते हुए सोचना चाहिए कि मेरे सपनों का भारत कैसा हो और हमें उस स्वप्न को पूरा करने के लिए प्रयत्न करना चाहिए । उन्होनें स्वयंसेवकों को कहा जैसे पक्षि जब धरती के निकट होता है हो उसे उड़ने के लिए पंख फड़फड़ाने उड़ते हैं पर जब ऊंचाइयों पर पहुंच जाता है तो वह स्वतः ही उड़ता रहता है इसी प्रकार शिक्षा प्राप्त करते समय जो विद्यार्थी अच्छी मेहनत कर लेता है उसे बादमें कोई कठिनाई नहीं होती है।विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रोफेसर बसुधा शर्मा ने अपने सम्बोधन में स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए कहा गांधी जी कहते थे कि स्वच्छता स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों खंडों के प्रमुख डॉ अमर सिंह कश्यप, डॉ राजकुमार, डॉ शिवांगी त्रिवेदी, डॉ कोमल गुप्ता, व विशाल राजपूत उपस्थित रहे कार्यक्रम के डॉ अमर सिंह कश्यप,ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम के अतिथि अरविन्द भाई ओझा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची अवस्थी सिंघल को लेक्चर के लिए किया आमंत्रित

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** इंडियन रेडियोलोजी एंड इमेजिंग एसोसिएशन जो भारतीय रेडियोलॉजिस्ट्स की सर्वोच्च संस्था है उनकी वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन इस वर्ष हाइटेक्स कम्युनिटी सेंटर, हैदराबाद तेलंगाना में हुआ। यह इंडियन रेडियोलोजी एंड इमेजिंग एसोसिएशन की 78 वी वार्षिक कांफ्रेंस थी जो कि दिनांक 29 जनवरी से 1 फरवरी 2006 को संपन्न हुई । 4 दिनों तक चली इस कांफ्रेंस को भारत व अन्य देशों से आए 1000 से अधिक रेडियोलॉजी विशेषज्ञों ने अटेंड किया। शहर मोदीनगर की रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची अवस्थी सिंघल को इसमें लेक्चर के लिए आमंत्रित किया गया था। उनके लेक्चर्स सराहा गया और उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।इंडियन रेडियोलोजी एंड इमेजिंग एसोसिएशन का यह वार्षिक कार्यक्रम एक सम्मानित अवसर है जिसमें डॉ प्राची सिंघल को आमंत्रित किया जाना गर्व का विषय है। डॉ प्राची ने बताया कि अपने अनुभव व ज्ञान को साझा करने से उन्हें और पढ़ते रहने की प्रेरणा मिलती है । डॉ प्राची लगातार रिसर्च एवं नई गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए ही कार्य करने का प्रयास करती हैं।

# राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के प्रथम दिन खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के प्रथम दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रतियोगिता की प्रभावशाली शुरूआत की। इस अवसर पर 44 किग्रा यूथ एवं 48 किग्रा यूथ, जूनियर व सीनियर वर्ग की प्रतिस्पधाएँ आयोजित की गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

यादव फार्म हाउस, मोदीनगर में आयोजित कार्यक्रम में ओलंपियन मेडलिस्ट एवं पद्मश्री सम्मानित साईखोम मीराबाई चानू ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी को प्रेरित किया।इस अवसर पर मोदीनगर की विधायक डॉ. मंजू सिवाच ने 48 किग्रा वर्ग की बालिका खिलाड़ियों को स्वयं पदक पहनाकर सम्मानित किया एवं अपने प्रेरणादायक विचारों से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. मंजू सिवाच जी का इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिससे आयोजन और भी गरिमामय बन सका। प्रतियोगिता के दौरान पूर्व विधायक सुदेश शर्मा भी उपस्थित रहे और विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया, जिससे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन हुआ। यह संपूर्ण प्रतियोगिता द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित विजय शर्मा जी की देखरेख में सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। मेडल तालिका इस प्रकार रहीः यूथ सेक्शन 44 किग्रा गर्ल्स स्वर्ण पदक परिशिमिता गोगोई (एसएससीबी ) कुल वजन 137 किग्रा रजत पदक तितली माजी (पश्चिम बंगाल) कुल वजन 133 किग्रा कांस्य पदक नेत्रा थोरात (महाराष्ट्र) कुल वजन झ 133 किग्रा 48 किग्रा वर्ग की पदक तालिका यूथ वर्ग (48 किग्रा) प्रथम स्थान झ पुंगनी तारा (एस एससीबी)। कुल वजनः 158 किग्रा द्वितीय स्थान झ रेड्डी भवानी (आंध्र प्रदेश)।

# राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति ने शिवओम शर्मा को दी जिम्मेदारी

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** मनोज कुमार शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति ने राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के राष्ट्रीय कार्यकारिणी प्रदेश कार्यकारिणी मंडल कार्यकारिणी एवं जिला की टीम से विचार विमर्श के पश्चात शिव ओम शर्मा को जिला गाजियाबाद की पी डब्ल्यू डी एवं पशुपालन विभाग की जिम्मेदारी देने का निश्चय किया है। संगठन की समस्त टीम आशा करती है कि शिव ओम शर्मा सच्ची श्रद्धा और ईमानदारी से अपने विभाग का कार्य करेंगे और आम जनमानस तक इन विभाग की योजनाओं का लाभ पहुंचाएंगे। मेरठ मंडल, जिले गाजियाबाद मोदीनगर नगर की टीम उनके कार्य में सहयोग करें।

# दो साल से बदहाली का शिकार पार्क, अंधेरे में डूबा पार्क बना अराजक तत्वों का अड्डा

**वेलकम इंडिया**

**साहिबाबाद।** वैशाली सेक्टर-1 में माडर्न पब्लिक स्कूल के सामने स्थित पार्क पिछले करीब दो वर्षों से बदहाली की मार झेल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से पार्क के जीर्णोद्धार को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।हालात ऐसे हैं कि पार्क की दुर्दशा से करीब एक हजार लोग प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं।

स्थानीय निवासियों के अनुसार पार्क की चारदीवारी जगह-जगह से गिर चुकी है, ग्रिल पूरी तरह गायब है और बैठने के लिए लगी बेंचें जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं। बच्चों के खेलने के साधन या तो क्षतिग्रस्त हैं या पूरी तरह बेकार हो चुके हैं।झूले टूटे पड़े हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पार्क के अंदर और बाहर लगी लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं।शाम होते ही पूरे इलाके में अंधेरा छा जाता है, जिससे पार्क में टहलने वाले लोगों को डर लगने लगता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरे का फायदा उठाकर शाम के बाद पार्क में शराबखोरी शुरू हो जाती है और अराजक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है। इससे न सिर्फ पार्क की गरिमा खत्म हो रही है, बल्कि आसपास के लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। पार्क के बाहर की स्ट्रीट लाइटें भी बंद पड़ी हैं, जिसके कारण रात के समय आवागमन करना जोखिम भरा हो गया है।खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को असुरक्षा का अहसास सताने लगा है। लोगों ने बताया कि जब जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया तो स्थानीय निवासियों ने मिलकर अपने स्तर पर पार्क के सुंदरीकरण का प्रयास किया।

# जनता दर्शन में डीएम का सख़्त संदेश, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुधवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को जनकल्याण एवं जनसुविधाओं से जुड़ी शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान के स्पष्ट निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र और शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थी की बात को ध्यानपूर्वक सुना और उनसे यह भी जाना कि संबंधित समस्या के समाधान के लिए पूर्व में कोई आवेदन किया गया था या नहीं। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष, समयबद्ध और पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन शिकायतों में स्थल पर जाकर जांच आवश्यक है, वहां बिना स्थलीय निरीक्षण के समाधान स्वीकार्य नहीं होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि केवल औपचारिक कार्रवाई से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर जाकर समस्या का समाधान करना ही जनता दर्शन का वास्तविक उद्देश्य है।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी शिकायतों के निस्तारण के पश्चात संबंधित शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लिया जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि समस्या वास्तव में हल हुई है या नहीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे जनशिकायतों के प्रति संवेदनशील रहें और समाधान की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखें। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि जनता दर्शन प्रशासन और आम नागरिकों के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके माध्यम से न केवल समस्याओं की पहचान होती है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

# नन्हे ग्राहकों की दुनिया में सीख का उत्सव , मनोरंजन का अनूठा संगम

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** विद्यालय के प्री-प्राइमरी विंग द्वारा मंगलवार और बुधवार को आयोजित दो दिवसीय 'केडीबी शॉपिंग बोनान्जा' कार्यक्रम नन्हे विद्यार्थियों के लिए सीख और मनोरंजन का अनूठा संगम बनकर उभरा। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य बच्चों को एक आनंदमय और सुरक्षित वातावरण में वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड ?ा था, ताकि वे खेल-खेल में महत्वपूर्ण जीवन कौशल सीख सकें। यह कार्यक्रम विशेष रूप से नर्सरी, केजी और प्रेप कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया था।बोनान्जा के माध्यम से बच्चों को पैसे के लेन-देन, बजट बनाना, सोच-समझकर खर्च करना और बचत जैसी बुनियादी आर्थिक अवधारणाओं से परिचित कराया गया। छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ ग्राहकों की भूमिका निभाई और स्वयं निर्णय लेते हुए खरीदारी की, जिससे उनमें आत्मविश्वास और स्वतंत्रता की भावना विकसित हुई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर को एक आकर्षक शॉपिंग जोन के रूप में सजाया गया था।यहां विभिन्न गतिविधि काउंटर बच्चों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। स्टडी बडी स्टोर पर बच्चों ने स्टेशनरी और खिलौनों की खरीदारी की, वहीं ट्रीट्स एंड स्माइल्स काउंटर पर मिठाइयों ने उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरी। गेम कॉर्नर में लकी थ्रो जैसे खेलों ने रोमांच बढ़ाया, जबकि ब्रेडिंग और टैटू कॉर्नर बच्चों के लिए खास आकर्षण रहा।एक सुव्यवस्थित बिलिंग काउंटर के माध्यम से विद्यार्थियों को भुगतान प्रक्रिया की समझ दी गई।बच्चों ने नकली मुद्रा का प्रयोग करते हुए भुगतान किया और रसीद प्राप्त की, जिससे उन्हें लेन-देन की वास्तविक प्रक्रिया का अनुभव हुआ।

# कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**



नोएडा/कु.मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर में दिनाँक 2 और 3 फरवरी 2026 को प्राचार्या प्रो. (डॉ) अनीता रानी राठौर के कुशल दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन, स्वागत गीत एवं कुल गीत प्रस्तुति के द्वारा किया गया।स्वागत की वेला में एन सी सी की छात्राओं द्वारा योग आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि किरण बाल्यान एवं प्राचार्या प्रो. अनीता रानी राठौर ने शिरकत की और छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों के अनुरूप खेलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथिः एशियन गेम्स 2023 कांस्य पदक विजेता किरण बालियान शीर्ष एथलीट की उपस्थिति ने ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को असाधारण प्रेरणा प्रदान की।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अनीता रानी राठौर के विजन एवं कुशल नेतृत्व में ग्रामीण छात्राओं को महाविद्यालय में समग्र शिक्षा मिल रही है, जिसमें खेल प्रमुख घटक है।यह आयोजन कॉलेज की खेल उत्कृष्टता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। वार्षिक क्रीड़ा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के शारीरिक विकास, खेल भावना और समग्र शिक्षा को बढ़ावा देना था।

शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित क्रीड़ा समारोह में 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद एवं ऊंची कूद सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। क्रीड़ा विभाग प्रभारी डॉ. धीरज कुमार और डॉ. परवेज शमीम के नेतृत्व में सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी साथी उपस्थित रहे।क्रीड़ा समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि श्री शामेंद्र नागर (समाजसेवी) बिसरख ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जिनके प्रेरणादायक भाषण ने क्रीड़ा प्रतिभागियों को उत्साहित किया तथा इसी क्रम में बताया कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास करता है, बल्कि चरित्र का निर्माण भी करता है ?। श्री नागर ने युवा खिलाड़ियों से अनुशासन के साथ उत्कृष्टता की प्राप्ति का आह्वान किया।

# केवल संगठन के समर्थित उम्मीदवार को ही जिला पंचायत चुनाव लड़ायेगा ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन - ब्रजवीर दहिया

**वेलकम इंडिया**



ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा कि ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन जो वर्षों से पंचायत व्यवस्था को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर मजबूत नेतृत्व तैयार करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। आगामी जिला पंचायत चुनाव के दृष्टिगत संगठन यह सूचना जारी करता है।कि जो इच्छुक, योग्य एवं जन सेवा से जुड़े प्रत्याशी संगठन के समर्थन से चुनाव लड़ना चाहते हैं। वह अपना पूरा बायोडाटा शीघ्र संगठन कार्यालय में जमा करें।प्राप्त सभी बायोडाटा का संगठन की जिला , ब्लॉक एवं ग्राम स्तरीय टीम द्वारा गंभीरता से मूल्यांकन किया जाएगा। स्थानीय कार्यकताओं क्षेत्रीय स्थिति एवं जन समर्थन के आधार पर उन्हें प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा।ब्रजवीर दहिया ने कहा कि जिनके साथ जनता का विश्वास जुड़ा हो और जो संगठन की विचारधारा के अनुरूप कार्य करने में सक्षम हो। चयनित प्रत्याशियों को मिलेगा, संगठन का आधिकारिक समर्थन पत्र,प्रदेश भर में सक्रिय संगठन नेतृत्व का सहयोग, प्रत्येक गांव में संगठन की टीम का समर्थन, संगठन प्रचार एवं जनसंपर्क व्यवस्था प्रदान की जाएगी। ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन केवल नाम का समर्थन नहीं देता बल्कि अपनी प्रत्याशी के साथ पूरी संगठनात्मक शक्ति के साथ खड़ा होता है। हम ऐसे प्रतिनिधि तैयार करना चाहते हैं जो पंचायत व्यवस्था को मजबूत करें, विकास को प्राथमिकता दें,पारदर्शिता और ईमानदारी बनाए रखें,जनता के भरोसे पर खरा उतरे। यह प्रक्रिया पूर्णतया निष्पक्ष पारदर्शी एवं योग्यता आधारित होगी। इच्छुक प्रत्याशी समय रहते अपना बायोडाटा जमा कर दें। और यह स्पष्ट कहा जाता है कि संगठन केवल उन्हीं प्रत्याशियों के साथ चुनाव में रहेगा।जिनका बायोडाटा संगठन के पास जमा होगा और जिन्हें संगठन द्वारा आधिकारिक समर्थन पत्र प्रदान किया जाएगा । इसके अतिरिक्त संगठन किसी भी अन्य प्रत्याशी के साथ चुनाव में नहीं रहेगा।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत गाजियाबाद में बड़ा एक्शन, 4 तस्कर गिरफ्तार, 4.75 किलो गांजा और 59 लाख से अधिक नकदी बरामद

अरुण मिश्रा वेलकम इंडिया









**गाजियाबाद**। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत थाना नंदग्राम पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में 4 अभियुक्तों (1 पुरुष व 3 महिलाएं) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 4750 ग्राम अवैध गांजा, 59 लाख 16 हजार 180 रुपये नकद तथा 12 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन एवं पुलिस उपायुक्त सिटी जोन के पर्यवेक्षण में, सहायक पुलिस आयुक्त नंदग्राम के नेतृत्व में थाना नंदग्राम पुलिस टीम ने दिनांक 03 फरवरी 2026 को गली नंबर-1, 30 फुटा रोड नंदग्राम क्षेत्र में चेकिंग के दौरान यह कार्रवाई की। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि गांजा बाहर से लाकर छोटे-छोटे पुड़ियों में बेचकर लंबे समय से अवैध कमाई की जा रही थी। गिरफ्तार अभियुक्तों में बुजराज, लल्ला बाई, सोना और गीता शामिल हैं। अभियुक्ता सोना के विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस द्वारा अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गाजियाबाद पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करी के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है।

# आम बजट 2026-27 से समावेशी विकास को नई गति : मनोज गोयल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। आम बजट 2026-27 को विकसित भारत की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी पहल बताते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नगर निगम गाजियाबाद के पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास, सुशासन और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का सशक्त दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि अमृत काल में प्रस्तुत यह बजट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की उस निरंतर विकास यात्रा को आगे बढ़ाता है, जो पिछले एक दशक से देश को आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक स्तर पर नई ऊँचाइयों पर ले जा रही है। मनोज गोयल ने कहा कि एनडीए सहयोगियों को विश्वास में लेकर प्रस्तुत किया गया यह आम बजट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जनोन्मुखी सोच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सियासी दूरदर्शिता और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की आर्थिक शिल्पकारिता का स्पष्ट प्रतिबिंब है। इस बजट से बीते बारह वर्षों से जारी चतुर्दिक विकास को और अधिक बल मिलेगा तथा वैश्विक मंच पर भारत की सशक्त उपस्थिति और मजबूत होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत अब अमेरिका और चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में है और आने वाले दशक में उन्हें पीछे छोड़ने की क्षमता भी रखता है। मनोज गोयल ने कहा कि आम बजट 2026-27 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार की नीतिगत निरंतरता, सुशासन और निर्णायक नेतृत्व को रेखांकित करता है। यह बजट भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अगला ठोस और साहसिक कदम है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लिए गए निर्णय देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे और विकास की रफ्तार को बनाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा करती है और उसी विश्वास के आधार पर प्रस्तुत यह बजट जनकल्याण को केंद्र में रखता है। यह एक ऐसा युवा बजट है, जिसमें समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को जनविश्वास प्राप्त होता है और सरकार को नई मजबूती मिलती है। मनोज गोयल के अनुसार बजट में युवाओं, किसानों, महिलाओं, कामगारों, उद्यमियों और वरिष्ठ नागरिकों के निजी और सार्वजनिक हितों को संतुलित रूप से संबोधित किया गया है। यह बजट लघु और मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहित करता है।

## वेव सिटी में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस का दमदार फ्लैग मार्च

**गाजियाबाद**। शान्ति एवं कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी प्रियाश्री पाल एवं थानाध्यक्ष वेव सिटी द्वारा पुलिस बल के साथ डासना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने क्षेत्र में पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसीपी प्रियाश्री पाल ने फ्लैग मार्च के दौरान स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए शान्ति, सौहार्द और कानून का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल सख्ती नहीं, बल्कि जनता के साथ समन्वय बनाकर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। उनके नेतृत्व में पुलिस बल अनुशासन, तत्परता और संवेदनशीलता के साथ क्षेत्र में सक्रिय नजर आया।

फ्लैग मार्च के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई और पुलिस की मौजूदगी से क्षेत्र में सुरक्षा का सकारात्मक माहौल देखने को मिला। प्रियाश्री पाल की सक्रिय कार्यशैली, जमीनी स्तर पर मौजूदगी और स्पष्ट निदेर्शों ने पुलिस प्रशासन की सजगता को रेखांकित किया। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे फ्लैग मार्च से अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास का भाव पैदा होता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आगे भी क्षेत्र में नियमित गश्त और निगरानी जारी रहेगी, ताकि वेव सिटी थाना क्षेत्र में शान्ति एवं कानून–व्यवस्था पूरी तरह से कायम रहे।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**गाजियाबाद**। मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के गांव मैनपुर में एक दर्दनाक हादसे में 23 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपक त्यागी के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षत–विक्षत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि दीपक त्यागी गांव के नजदीक स्थित रोनाल्ड कंपनी में नौकरी करता था। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर, शहर के नवयुग मार्केट स्थित इलाहाबाद बैंक के करंसी चेस्ट में तैनात मुख्य आरक्षी प्रेमपाल सिंह (56) की मंगलवार रात अचानक तबीयत बिगड ? से मौत हो गई। यह घटना ड्यूटी के दौरान हुई, जिससे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मुख्य आरक्षी प्रेमपाल सिंह की मौत हार्ट अटैक से होना प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। प्रेमपाल सिंह मूल रूप से गौतमबुद्धनगर जिले के रुस्तमपुर गांव के निवासी थे और लंबे समय से पुलिस सेवा में कार्यरत थे। एक ही दिन में दो अलग–अलग घटनाओं में हुई मौतों से जिले में शोक का माहौल है। जहां एक ओर एक युवा की असमय मौत ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है, वहीं दूसरी ओर कर्तव्यनिष्ठ आरक्षी के आकस्मिक निधन से पुलिस विभाग ने एक अनुभवी कर्मी को खो दिया है।

# विश्व कैंसर दिवसः व्यापक कैंसर देखभाल में प्रगति विषय पर सीएमई का आयोजन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर दिल्ली-एनसीआर के अग्रणी स्वास्थ्य संस्थानों में शामिल यशोदा मेडिसिटी ने 'व्यापक कैंसर देखभाल में प्रगति विषय पर बुधवार को एक महत्वपूर्ण कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया। इस शैक्षणिक कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर उपचार में तेजी से हो रहे नवाचारों, बहु-विषयक दृष्टिकोण और रोगी-केंद्रित देखभाल प्रणाली को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने इस बात पर बल दिया कि कैंसर जैसे जटिल रोग के प्रभावी उपचार के लिए समय पर पहचान, सटीक निदान और व्यक्तिगत उपचार योजना अत्यंत आवश्यक है। यशोदा मेडिसिटी की इस पहल की विशेषता यह रही कि यह दक्षिण-पूर्व एशिया में उपलब्ध कैंसर देखभाल प्रौद्योगिकियों के सबसे उन्नत और एकीकृत संयोजन से समर्थित है। यह एकीकृत प्रणाली एक ही छत के नीचे सटीक, सुरक्षित और रोगी-केंद्रित उपचार को संभव बनाती है, जिससे उपचार की गुणवत्ता और दीर्घकालिक परिणामों में उल्लेखनीय सुधार होता है। सीएमई कार्यक्रम में यशोदा मेडिसिटी के विभिन्न विभागों से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सकों ने भाग लिया। इनमें डॉ. मनीष सिंघल, वाइस चेयरमैन, मेडिकल ऑन्कोलॉजी; डॉ. गगन सैनी, वाइस चेयरमैन एवं प्रमुख, विकिरण ऑन्कोलॉजी; प्रोफेसर डॉ. राजिंदर कुमार, प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं यूनिट हेड, न्यूरोसर्जरी; डॉ. आसिम रिजवी, प्रिंसिपल डायरेक्टर, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी एवं रोबोटिक सर्जरी; डॉ. सतिंदर कौर, सीनियर डायरेक्टर एवं प्रमुख, स्त्री-रोग ऑन्कोलॉजी एवं रोबोटिक सर्जरी; डॉ. निवेदिता ढींगरा, डायरेक्टर एवं प्रमुख, हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ऑन्कोलॉजी एवं अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण; डॉ. अभिषेक यादव, डायरेक्टर, मेडिकल ऑन्कोलॉजी तथा डॉ. निखिल टंडन, कंसल्टेंट, ऑर्थोपेडिक ऑन्कोलॉजी शामिल रहे। विशेषज्ञों ने पर्सनलाइज्ड ऑन्कोलॉजी, प्रिसीजन रेडिएशन, उन्नत शल्य चिकित्सा और रोबोटिक तकनीकों जैसे उभरते उपचार विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकों के उपयोग से न केवल उपचार की सटीकता और सुरक्षा बढ़ी है, बल्कि रोगियों की रिकवरी भी पहले की तुलना में कहीं अधिक तेज और बेहतर हुई है। कार्यक्रम के दौरान सॉलिड ट्यूमर, रक्त कैंसर, मस्तिष्क ट्यूमर, महिलाओं से संबंधित कैंसर तथा दुर्लभ और जटिल कैंसरों के उपचार में समेकित देखभाल पथ के महत्व को रेखांकित किया गया। विशेषज्ञों ने समय पर रेफरल, मल्टीडिसिप्लिनरी ट्यूमर बोर्ड और निदान से लेकर उपचार तथा सर्वाइवरशिप तक सतत देखभाल की आवश्यकता पर बल दिया। उनका कहना था कि विभिन्न विशेषज्ञों के बीच समन्वय से ही रोगी को सर्वोत्तम उपचार परिणाम मिल सकते हैं। सीएमई कार्यक्रम के दौरान यशोदा मेडिसिटी द्वारा यशोदा हेल्थ कार्ड का भी शुभारंभ किया गया। यह कार्ड रोगियों को रोग की रोकथाम, समय पर जांच और व्यक्तिगत उपचार योजना में सहायता प्रदान करेगा।


## स्कूलों के सामने खुले ठेकों से अभिभावक चिंतित, जिलाधिकारी से शिकायत

**गाजियाबाद**। शालीमार गार्डन क्षेत्र में कई स्थानों पर स्कूलों के ठीक सामने शराब के ठेके खुले होने से स्थानीय लोगों और अभिभावकों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि ये ठेके नियमों और निर्धारित मानकों को दरकिनार कर अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि दिन के समय भी ठेकों के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे न केवल स्कूली बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है, बल्कि अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजते समय भय का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों का आरोप है कि ठेकों के आसपास आए दिन शोर-शराबा और अव्यवस्था बनी रहती है, जो शिक्षण संस्थानों के वातावरण के लिए बेहद अनुचित है। स्थानीय निवासी अरुण कुमार ने बताया कि कई बार संबंधित विभागों का ध्यान इस ओर दिलाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

# ट्रिपल सुसाइड केस में उलझती गुत्थी, कमरे से मिला सुसाइड नोट, लिखा– 'सॉरी पापा... आई एम रियली सॉरी'

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद**। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में सामने आए दिल दहला देने वाले ट्रिपल सुसाइड मामले ने न सिर्फ पूरे शहर को झकझोर दिया है, बल्कि पुलिस जांच के साथ-साथ समाज के सामने भी कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्रांस-हिंडन क्षेत्र की भारत सिटी सोसायटी में बुधवार को 9वीं मंजिल से कूदकर जान देने वाली तीन नाबालिग बहनों की मौत के बाद शुरूआती जांच में पुलिस को उनके कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसने इस मामले को और भी संवेदनशील बना दिया है। सुसाइड नोट में बेटियों ने अपने पिता के नाम भावुक संदेश लिखा है– 'जिंदगी की सच्ची कहानी (ट्रू लाइफ स्टोरी)... इस डायरी में जो कुछ लिखा है, वो सब पढ़ लो। क्योंकि ये सब सच है। अभी पढ़ो... सॉरी पापा... आई एम रियली सॉरी'। नोट के साथ रोती हुई इमोजी भी बनाई गई है, जिससे बेटियों की मानसिक स्थिति का अंदाजा लगाया जा रहा है। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि तीनों बहनें कोरियन कल्चर से गहराई से प्रभावित थीं। वे कोरियन मूवी, वेब सीरीज और ऑनलाइन टास्क-बेस्ड गेम्स देखा और खेला करती थीं। जांच में यह भी पता चला कि कोरोना काल के बाद तीनों बहनों ने पढ़ाई छोड़ दी थी और इसके बाद मोबाइल फोन पर उनका अधिक समय बीतने लगा। पुलिस का मानना है कि मोबाइल छिनने के बाद वे अचानक अपनी डिजिटल दुनिया से कट गईं, जिससे वे मानसिक तनाव में चली गईं। बताया जा रहा है कि तीनों बहनें हमेशा साथ रहती थीं और उनमें से प्राची नेतृत्व की भूमिका में थी। वह जो भी निर्णय लेती, बाकी दोनों बहनें उसी का अनुसरण करती थीं। तीनों मृतक बहनों की उम्र में मात्र दो-दो साल का अंतर था–निशिका (15), प्राची (14) और पाखी (12)। पुलिस जांच में परिवार की पृष्ठभूमि भी सामने आई है, जो इस मामले को और जटिल बनाती है। मृतक बहनों के पिता चेतन साहिबाबाद के टीला मोड़ क्षेत्र स्थित भारत सिटी सोसायटी में पिछले तीन वर्षों से परिवार के साथ रह रहे थे। चेतन ने दो शादियां की थीं और खास बात यह है कि दोनों शादियां सगी बहनों से की गई थीं। पहली पत्नी से एक बेटी और एक बेटा, जबकि दूसरी पत्नी से तीन बेटियां हैं। घटना के वक्त घर में माता-पिता के अलावा सबसे छोटी साली भी मौजूद थी, जो अविवाहित है और जिनका आना-जाना घर में लगा रहता था। पुलिस के अनुसार, जिस कमरे से तीनों बहनों ने छलांग लगाई, वह घर का पूजा कक्ष था। कमरे की तीन खिड़कियों में से केवल बीच वाली खिड़की खुलती थी और उसी खिड़की से तीनों बहनें नीचे कूदीं। जांच में सामने आया है कि दो बहनें हाथ पकड़कर एक साथ कूदीं, जबकि तीसरी बहन ने अलग से छलांग लगाई। रात करीब दो बजे हुए इस हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि वह पटाखे जैसी लगी। आवाज सुनकर पिता की नींद खुली और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरी सोसायटी में भय और सन्नाटा पसरा हुआ है। सुबह 11 बजे तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम हाउस लाया गया, लेकिन काफी देर तक परिजन वहां नहीं पहुंचे।

बाद में पिता पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे, जबकि परिजन घटना के बाद खुद को कमरे में बंद कर किसी से बातचीत नहीं कर रहे थे। ट्रांस-हिंडन के डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि तीनों नाबालिग लड़कियां स्पष्ट रूप से कोरियन कल्चर और ऑनलाइन टास्क-बेस्ड गेम्स से प्रभावित थीं।

## छह माह में तैयार होगा चिपियाना बुजुर्ग रेलवे ओवरब्रिज, एक लाख से अधिक लोगों को मिलेगी राहत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। शहर के साउथ साइड औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्रीय राजमार्ग-9 से जोडे के लिए चिपियाना बुजुर्ग रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहा रेलवे ओवरब्रिज अगले छह माह में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके पूरा होने से न सिर्फ औद्योगिक क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, बल्कि रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले करीब एक लाख लोगों को जाम और फाटक बंद रहने की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। दिल्ली-कानपुर-हावड़ा रेलखंड पर स्थित चिपियाना बुजुर्ग रेलवे क्रॉसिंग से प्रतिदिन लगभग 200 ट्रेनें गुजरती हैं, जिससे फाटक लंबे समय तक बंद रहता था। इसी समस्या के समाधान के लिए यहां रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। ओवरब्रिज के बन जाने के बाद नोएडा एक्सटेंशन तक बिना किसी बाधा के यातायात संभव हो सकेगा। करीब 600 मीटर लंबे और 9.5 मीटर चौड़े इस रेलवे ओवरब्रिज में इनबाउंड और आउटबाउंड ट्रैफिक के लिए दो लेन होंगी। परियोजना पर लगभग 32 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसे राज्य सरकार और रेलवे द्वारा बराबर-बराबर वहन किया जा रहा है। निर्माण कार्य को इसी वर्ष के मध्य तक पूरा करने की योजना है। आरओबी के दोनों ओर एप्रोच रोड का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और मिट्टी भराव का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके बाद सड़क निर्माण शुरू होगा।

# केंद्रीय बजट 2026-27 विकसित भारत की मजबूत आधारशिला

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। केंद्रीय बजट वित्त वर्ष 2026-27 को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा नेहरू नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। यह प्रेस वार्ता भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर तथा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम में भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री सतेन्द्र शिशौदिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सतेन्द्र शिशौदिया ने केंद्रीय बजट 2026-27 को 'विकसित भारत @2047 की दिशा में एक दूरदर्शी, सुधारवादी और जनकल्याणकारी दस्तावेज' बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड ? का स्पष्ट विजन प्रस्तुत करता है। मुख्य वक्ता ने कहा कि यह बजट कर्तव्य भवन से प्रस्तुत किया जाने वाला पहला बजट है, जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उस नेतृत्व दर्शन को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें दुविधा के बजाय निर्णय, शब्दों के बजाय ठोस सुधार और लोकलुभावन राजनीति के बजाय दीर्घकालिक जनकल्याण को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि बजट आत्मनिर्भर भारत को ध्रुवतारा मानते हुए संरचनात्मक सुधार, राजकोषीय अनुशासन, सतत पूंजी निवेश और रोजगार सृजन पर केंद्रित है। श्री शिशौदिया ने बताया कि 'रिफॉर्म एक्सप्रेसज के माध्यम से 350 से अधिक सुधारों को लागू कर सरकार ने डी-रेगुलेशन, अनुपालन बोझ में कमी और विश्वास आधारित शासन व्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। बैंकिंग क्षेत्र की मजबूत स्थिति, एनपीए में ऐतिहासिक सुधार, लगभग सात प्रतिशत की निरंतर आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय घाटे को 4.3 प्रतिशत तक सीमित करना और ऋण-से-जीडीपी अनुपात में कमी भारत की आर्थिक स्थिरता और मजबूती को दशार्ता है। श्री शिशौदिया ने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग को केंद्र में रखते हुए कर विवादों में कमी, सरल आयकर प्रणाली, शिक्षा और चिकित्सा के लिए स्रोत पर कर संग्रह में राहत, जीवनरक्षक दवाओं पर शुल्क छूट और छोटे अपराधों के अपराधमुक्तिकरण जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं, जो आम नागरिक के जीवन को सरल बनाएंगे। कृषि क्षेत्र को लेकर उन्होंने कहा कि उच्च मूल्य फसलों को बढ़ावा, तिलहन में आत्मनिर्भरता, पशुपालन और मत्स्य पालन को प्रोत्साहन तथा कृषि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित 'भारत-विस्तारज्जैसी पहल किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।